e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 271

गुरुवार

03.10.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com


पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26


**सुविचार**

दो तरह से देखने से चीजे छोटी नजर आती है, एक दूर से और एक गुरुर से!

# तमाम अड़चनों को दूर कर हेमन्त सरकार ने कराया कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण



| योजना लागत | फ्लाईओवर की लम्बाई | फ्लाईओवर की चौड़ाई |
| --- | --- | --- |
| ₹224.94 करोड़ | 2240 मीटर | 16.6 मीटर |

**₹3264.00 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन**

शिलान्यास की जाने वाली 27 योजनाओं की कुल लागत **₹2471.90 करोड़**

उद्घाटन की जाने वाली 04 योजनाओं की कुल लागत **₹792.10 करोड़**

कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ एवं कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ (धनबाद) का उद्घाटन

सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानन्द चौक-कांके रोड फ्लाईओवर का शिलान्यास

## मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री संजय सेठ**
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद, रांची लोकसभा

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग

**श्रीमती महुआ माझी**
माननीय सांसद, राज्यसभा

**श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह**
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 04 अक्टूबर 2024 | समय: पूर्वाह्न 11:30 बजे

स्थान : संत पॉल कैथेड्रल मैदान, बहु बाजार के निकट, रांची

## उद्घाटन

- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ, कुल लागत **₹461.90 करोड़**
- अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (MDR-021) (लम्बाई -26. 687 KM) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य, कुल लागत **₹57.95 करोड़**
- बिरसा चौक से धुर्वा गोल चक्कर (लम्बाई-2.60 KM) का चार लेन में मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (साईकिल ट्रैक एवं फुटपाथ सहित) एवं धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग (लम्बाई-1.50 KM) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य (लम्बाई-4.10 KM), कुल लागत **₹47.33 करोड़**

## शिलान्यास

- सहजानन्द चौक के नजदीक से जज कॉलोनी के नजदीक 04 लेन एलिवेटेड पथ का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹430.75 करोड़**
- गोला-मुरी पथ का 4-लेन निर्माण कार्य, कुल लागत **₹333.17 करोड़**
- धनबाद जिला अंतगर्त मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण, कुल लागत **₹256.54 करोड़**
- Foundation stone laying of fly over from Bahu Bazar to Patel Chowk Connecting Siramtoli Chowk and Kokar Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi city, कुल लागत **₹213.35 करोड़**
- भुईयाडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी पथ में स्वर्णरेखा नदी पर 4 लेन पुल का निर्माण, कुल लागत **₹77.77 करोड़**
- अन्य 19 पथों/ROB का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹713.49 करोड़**

PR NO-337917 (IPRD) 24-25

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




डॉ. राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के कार्यालय का किया गया उद्घाटन

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वां तथा पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लालबहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर पुराना बैल बाजार स्थित कमलेश बिहारी के आवास पर डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के कार्यालय का उदघाटन किया गया।कार्यालय का उदघाटन पूर्वमंत्री सह डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के संरक्षक रामचन्द्र केशरी तथा मंच के अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा ने संयुक्तरूप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुये पूर्वमंत्री सह मंच के संरक्षक रामचन्द्र केशरी ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के पुजारी थे।उन्होंने कहा कि अविभाजित भारत मे कोहाट क्षेत्र में 9 व 10 सितम्बर 1924 को हुये दंगे में भारी जान माल की क्षति हुई थी। 2 अक्टूबर 1924 को मोहनदास करमचंद गांधी ने दंगे के खिलाफ 21 दिन का अनशन रखने का फैसला लिया था। उन्होंने कहा कि वे अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने दोनों महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलने की अपील किया। डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संघर्ष, उनके महान विचारों को आज पूरा याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को पूरे विश्व की नागरिकता प्राप्त थी। उन्होंने देश की आजादी के लिये जो संघर्ष किया अद्वितीय था। संघर्ष के लिये उनका हथियार सत्य व अहिंसा था। लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री के रूप में ईमानदारी व वफादारी के लिये भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। देश व दुनिया के लोग उक्त दोनों महापुरुषों के विचारों से प्रभावित हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से इनके विचारों को आत्मसात करने की अपील किया। जयंती समारोह को विश्वनाथ भंडारी, मथुरा पासवान, मो0 नईम खलीफा व इब्राहिम अंसारी ने भी सम्बोधित किया। मौके पर विश्वनाथ भंडारी, डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के सचिव सत्येन्द्र कुमार ठाकुर, मथुरा पासवान, बैजनाथ प्रसाद, कमलेश बिहारी, दिनेश कुमार, इस्लाम खलीफा, इब्राहिम अंसारी, शिव महतो, अरुण कुमार, नईम खलीफा, हीरा प्रसाद, अरुण बिहारी, रमेश प्रसाद, उमेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## आज के परिवेश में गांधीजी के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत : एजाज हुसैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** (जपला बाजार) के गाँधी चौक पर स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कई नेताओं ने माल्यार्पण कर गांधीजी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कई कार्यकर्ताओं का समर्थन राजनीतिक दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय सचिव डॉक्टर एजाज़ आलम, एजाज़ हुसैन उर्फ़ छेदी ख़ान, डबली, मुन्ना कुमार देव, अशर ख़ान और इज़हार अंसारी जैसे प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। डॉ. एजाज आलम ने कहा कि यह कार्यक्रम गांधीजी के संघर्ष और त्याग का संदेश बढ़ाता है और महात्मा गांधी जी के आदर्शों के प्रति पुनः समर्पित होने का प्रतीक है। मौके पर एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के इस कार्यक्रम से स्थानीय अल्पसंख्यक समुदायों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है और समाज में न्याय और सामाजिक समरसता की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सदस्य महात्मा गांधी जी के आदर्शों के प्रति समर्पित हैं। इसके साथ ही यह कार्यक्रम अल्पसंख्यक समुदायों को सामाजिक समरसता और न्याय की दिशा में सशक्त करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज गांधी जी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों को आत्मसात करने की ज्यादा जरूरत है।

## अवैध बालू ढुलाई करते ट्रैक्टर को थाना प्रभारी ने किया जप्त



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बलीगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम खोनहर, अजनिया जाने वाली सड़क पर बुधवार को केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के नेतृत्व में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले जाया गया। साथ ही उक्त प्रभारी के द्वारा अग्रेतर कार्रवाई करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को पत्राचार किया गया है.जप्त किए गए ट्रैक्टर खोंनहर गांव निवासी विनोद साह का बताया जा रहा है।

## राष्ट्रपिता व लाल बहादुर शास्त्री की आदर्शों को आत्मसात करें : विकास तिवारी



**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सरैया पंचायत सचिवालय सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान समाज सेवी विकास तिवारी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया।मौके पर उपस्थित लोगों के बीच मिठाई और चॉकलेट का वितरण विकास तिवारी के द्वारा किया गया। इस दौरान समाजसेवी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने जीवन भर निश्वार्थ भाव से देश की सेवा किया। राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों और उनके आदर्शो को अपने जीवन में स्मरण करते हुए उनके बताये मार्गो व आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। श्री तिवारी ने उपस्थित जल सहिया बहनों, एसएचजी ग्रुप की महिलाओं तथा उपस्थित लोगों से स्वच्छता को लेकर चर्चा किया। मौके पर पंचायत सचिव मुख्तार आलम, जेएसएलपीएस के कर्मी जल सहिया निर्मला देवी समेत कई महिला पुरुष उपस्थित रहें। प्रखण्ड कार्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र मे प्रखंड व अंचल कर्मीयों ने साफ सफाई की, बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने आस पास के लोगों को सफाई रखने के प्रति प्रेरित किया।लोगों ने भी उनका अनुकरण किया। सफाई अभियान के पश्चात प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जन्यंति मनाया गया। इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम अंचल निरीक्षक अनिल होरो सहित उपस्थित सभी प्रखंड सह अंचल कर्मीयों ने महात्मा गाँधी के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनको नमण किया।

## पंकज चौबे के नेतृत्व में सैकड़ो लोग बहुजन में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत परती कुशवानी गांव में बुधवार को बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ो महिला पुरुष बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। बसपा नेता पंकज चौबे ने पार्टी का पट्टा पहना कर लोगों को पार्टी में शामिल कराया। इसके पश्चात सभा को संबोधित करते हुए बसपा नेता पंकज चौबे ने कहा कि भवनाथपुर क्षेत्र में पिछले बीस वर्षों में विकास का एक भी काम नहीं हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा की वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक ने पिछले 20 वर्षो से पावर प्लांट और सीमेंट फैक्ट्री लगवाने का झांसा देकर जनता का वोट ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा की इस बार चुनाव में जनता मुझे मौका देती है तो भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का तस्वीर और तकदीर बदलने का काम करूंगा। भवनाथपुर के नौजवान को रोजगार का अवसर मिलेगा उन्हें दुसरे राज्यों में पलायन करना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर धृष्टद्युम्न यादव, रौबीन यादव, शम्भू यादव, संतोष यादव, सिनीयर प्रजापति, डिकु उरांव, इंद्रदेव यादव, चमन साहू, प्रवेश चेरो, दुलार चेरो, मनोज साह, बाल्मिकी साह, रामाशीष यादव, इंदरवाशी कुंवर, सरिता देवी, दुर्गावती देवी, मनीष यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री के जयंती के अवसर पर सभी पंचायतों में किया गया विशेष ग्राम सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों यथा भोजपुर, कधवन, कोलझिकि, गरबाँध, हुलहुला खुर्द, कुंबाखुर्द, हलिवंता कला, विलासपुर, पिपरडीह, चितविश्राम, नरही और कुम्बा खुर्द में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री जयंती समारोह का आयोजन बुधवार को पंचायत सचिवालय में किया गया.जयंती समारोह का शुभारंभ दोनों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस पर पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार जन योजना अभियान 2024 अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों के साथ पंचायत विकास सूचकांक, पिछले वर्ष की ग्राम पंचायत विकास योजना द्वारा गांव के विकास एवं 2025-26 के ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत ली जाने वाली योजनाओं के साथ साथ गांव को आईएसडीजी के माध्यम से 2030 तक विकास के लक्ष्यों को हासिल करने की रूपरेखा तैयार की गई. इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण तथा स्वच्छता पखवारा कार्यक्रमों का समापन किया गया। मौके पर सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, अमन कुमार केशरी, सरौती कुमारी, नंद कुमार मेहता, सीमा कुमारी, कनीय अभियंता रविन्द्र मिंज, अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार, जनसेवक विकास कुमार, रोजगार सेवक मनीष कुमार चौबे, सत्यनाराण सिंह, मनोज सिंह अपने-अपने पंचायत मुख्यालय पर उपस्थित थे।

## एसडीओ ने मिट्टीयुक्त मोरम लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना को सौंपा



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णकांत कांवाड़िया ने मंगलवार के शाम को एक मिट्टी मिक्स मोरम लदे टैक्टर को जब्त किया। इस संबंध में हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने हुसैनाबाद प्रखंड के सामुडीह गांव के समीप से मिट्टी युक्त मोरम लदे ट्रैक्टर को पकड़ा है। जिसे हुसैनाबाद थाना को सौप दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई हेतु जिला खनन विभाग को भेजा जा रहा है।

## कांग्रेस नेता शैलेश कुमार सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के भावी कांग्रेस प्रत्याशी व प्रखर समाजसेवी शैलेश कुमार सिंह ने गांधी जयंती के अवसर पर हुसैनाबाद मुख्य बाजार स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शैलेश कुमार सिंह ने कहा की आज हम सभी को बापू की 155 वीं जयंती मना रहें हैं।बापू के सत्य, अहिंसा के बताए मार्ग आज भी हमारे लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा की आजादी के आंदोलन मे उनका त्याग और बलिदान हमें प्रेरणा देते हैं। उनके आदर्श और विचार को हम सभो को समझना होगा।एक ऐसा व्यक्ति जिसने न कभी शस्त्र उठाया, न कभी किसी के प्रति कठोर शब्द बोले, लेकिन सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने अंग्रेजों को खदेड़ने का काम किया। आगे उन्होंने कहा की आजीवन शांति और न्याय की खोज ने गांधी को महात्मा बना दिया। आज के समय तो लगता है की अशांत समय से गुजर रहे हैं, आइए हम सभी उनके स्थाई मूल्यों पर चिंतन करने की कोशिश करें।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच ने मनाया गांधी जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** ओबीसी एकता अधिकार मंच द्वारा बुधवार को गांधी जयंती मनाई गई.इ स अवसर पर मंच के बिश्रामपुर कार्यालय में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया गया.इस दौरान मंच द्वारा महात्मा गांधी के आदर्शों को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता और समानता का संदेश दिया गया. मंच के वरीय नेताओं ने कहा कि गांधी जी अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता दिलाई.हमें उनके सिद्धांतों पर चलते हुए समाज में समानता और न्याय के लिए संघर्ष करना चाहिए। गांधी जी ने जिस समाज की कल्पना की थी, उसमें सभी जातियों, वर्गों और समुदायों को बराबरी का अधिकार सम्माहित था। मौके पर जितेंद्र कुमार, अशोक गुप्ता, धीरज कुमार, निजामुद्दीन अंसारी, सूरज कुमार, पीयूष कुमार, सुचित कुमार, विजय विश्वकर्मा, उपेंद्र राम, अवधेश राम, आकाश कुमार, विशाल कुमार, अनुराग कुमार सहित मंच के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नौड़ीहा बाजार पुलिस ने बाइक चोर को भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** नौड़ीहा बाजार पुलिस प्रशासन लगातार बाइक चोर को नकेल कसने मे लगी हुई है। नौड़ीहा बाजार पुलिस की एक और सफलता मिली । वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी क्रम मे सीडी डिलेक्स बाइक को रोका गया जो बिना नंबर प्लेट की थी पुलिस ने गाडी चालक मनीष कुमार शर्मा उम्र 20 वर्ष से कागजात की मांग किया तो मनीष कुमार शर्मा ने काफी भयभीत हो गया और उन्होंने किसी प्रकार की नहीं दे सका। पुलिस ने शक के आधार पर गंभीरता पूर्वक जाँच करने मे जुट गई । जाँच के बाद खुलासा बाइक चोरी की है। बाइक चोर मनीष कुमार शर्मा से पुलिस के द्वारा कड़ी पूछताछ के बाद उजागर किया अपने साथी नौड़ीहा बाजार थाना के पीयूष शर्मा के घर से चोरी की स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद किया। बाइक डुमरिया थाना क्षेत्र के बोधि बिगहा के बताया जा रहा है। नौड़ीहा बाजार थाना के थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने तत्काल करवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज़ करते हुए जेल भेज दिया गया। साथी ही साथ जमीनी विवाद मे अजित कुमार सिंह उम्र 35 वर्ष व प्रदीप कुमार सिंह उम्र 28 वर्ष को दोनो ग्राम नावाडीह पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी को भी जेल भेजा गया। थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाई जाएगी।

## भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए भाजपा नेता विनोद सिंह



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रतिष्ठित भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने 2 अक्टूबर 2024 को नवाह यज्ञ समिति द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा में हिस्सा लिया। इस आयोजन की अध्यक्षता राजेन्द्र पाल जी ने की और समस्त नगरवासियों के सहयोग से महावीर मंदिर मेन रोड जपला सहित विभिन्न गांवों जैसे बेनीकला, सरहु टोला, पूर्णाडीह, चौखड़ा, सुपहा, झरगड़ा आदि में यात्रा का आयोजन हुआ। कलश यात्रा के माध्यम से विनोद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता के उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए माता रानी से प्रार्थना की और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने क्षेत्र की समस्त जनता के प्रति अपने स्नेह और समर्थन को व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र के विकास और शांति की भी प्रार्थना है। इस शुभ अवसर पर प्रमुख लोगों में श्रवण अग्रवाल, बबलू सिंह, राहुल सिंह, सन्नी गुप्ता, राजेश कुमार, राजेश कर्ण, संजू राम, अमरेंद्र पासवान, शुभ यादव, अरुण, मेहता, मोजाहिर हुसैन, और राजू विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कलश यात्रा ने समूचे हुसैनाबाद क्षेत्र को एकजुट करते हुए धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

## कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी का जयंती समारोह का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी का जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे ने कहा कि दो अक्टूबर को हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया बापू व शास्त्रीजी को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। दोनों महापुरुषों के महान विचारों, संघर्षो और देश को आजादी दिलानें में उनके बड़े योगदान को याद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज उक्त दोनों महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। सेवा दल के मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने कहा कि आज हम सबों को उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिये। प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद ने कहा कि गांधी व शास्त्री जी के योगदान को देश कभी नही भूलेगा। शहरी मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि हम सबों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर मुनेश्वर साह, सैयद अंसारी, मिथलेश कुमार, विश्वजीत गुप्ता, नागेंद्र सिंह, छोटू विश्वकर्मा, नीरज कुमार, जावेद खान, दिलीप श्रीवास्तव, मुस्ताक अहमद, आशीष जायसवाल, सुधीर सिंह, महेंद्र उरांव, अभिषेक यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दलितों के न्याय की लड़ाई अंतिम दम तक जारी रहेगा : राजन मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर जानता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में बुधवार को आयोजित सम्मेलन सह मिलन समारोह में बसपा कार्यकर्ताओं का महाजुटान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता व संचालन जिलाध्यक्ष अशोक राम ने किया.प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि बसपा के बैनर तले दलितों शोषितों को न्याय दिलाने हेतु शुरू की गई सामाजिक लड़ाई को अंतिम दम तक लड़ता रहूंगा. समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को न्याय और अधिकार दिलवा कर रहूंगा.चाहे इसके लिए मेरी जान ही क्यों न चली जाए. उन्होंने स्थानीय भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पर जमकर हमला बोला.कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र के बजाए विधायक ने सिर्फ अपना विकास किया है. बहुजन समाज इस बार उनके सत्ता को तास के पत्तों की तरह बिखेर कर रख देगा। इस बार जनता पिछले बार के रनर राजन मेहता को विनर और विधायक चंद्रवंशी को पांचवें स्थान पर लाने का संकल्प ले चुकी है.उन्होंने कार्यक्रताओं को आगामी विस चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वाहन किया.बसपा के प्रदेश प्रभारी जी सी दिनकर ने कहा कि झारखंड में आने वाला दिन बसपा का है. बाद इसके लिए बहुजन समाज को जागृत करते हुए संघर्ष हेतु एक मंच पर लाना होगा. कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में लोग बसपा मे शामिल हुए.सभी को प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर श्रीकांत गौतम, रामबाबू चिरगाई, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार, अजय कुमार, बसपा नेत्री गीता मेहता, धर्मेंद्र ठाकुर, प्रमोद राम, शिव कुमार विश्वकर्मा, विद्याधर प्रसाद सहित काफी संख्या में बसपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देवरी ओपी प्रभारी ने चिपकाया इस्तहार

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद (देवरी ओपी)थाना कांड संख्या-54/24, दिनाँक-11/03/2024 धारा-341/323/354 (बी)/354(डी)/307/504/506 भा0द0वि0 एवम 3 (1) s sc/st act परिवर्तित धारा-341/323/354(बी)/354(डी)/504/506 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त अंकित सिंह उर्फ नीतीश सिंह उम्र 22 वर्ष पिता ललु सिंह साकिन सुल्तानी थाना हरिहरगंज जिला पलामू के घर पर हरिहरगंज थाना के सहयोग से स्थानीय मुखिया विनय कुमार सिंह एवम उपस्थित ग्रामीण के समक्ष अभियुक्त के घर पर विधिवत इस्तेहार चिपकाया गया इसके अलावे इश्तेहार की प्रति चौक चौराहे पर भी चिपकाया गया। इस दौरान अभियुक्त के परिजनों को अभियुक्त को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कराने हेतु कहा गया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 271
गुरुवार
03.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
दो तरह से देखने से चीजे छोटी नजर आती है, एक दूर से और एक गुरुर से!

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हजारीबाग में 80,000 करोड़ के विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया

# आदिवासी समाज का विकास सरकार की प्राथमिकता : प्रधानमंत्री मोदी



*** 40 एकलव्य विद्यालयों का उद्घाटन किया और 25 एकलव्य विद्यालयों की आधारशिला भी रखी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को हजारीबाग में 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया, 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन किया और 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखी। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने झारखंड की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने पीएम आवास योजना के तहत झारखंड के हजारों गरीबों को पक्के मकान सौंपने का जिक्र किया। आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण और कल्याण से जुड़ी आज की 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आदिवासी समुदायों के प्रति सरकार की प्राथमिकता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज की परियोजनाओं के लिए झारखंड और भारत के लोगों को बधाई दी।

**केंद्र सरकार आदिवासी उत्थान पर अधिक ध्यान दे रही है:** महात्मा गांधीजी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी कल्याण के प्रति उनकी दृष्टि और विचार भारत की पूंजी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी का मानना था कि भारत तभी प्रगति कर सकता है जब आदिवासी समाज तेज गति से प्रगति करे। श्री मोदी ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार आदिवासी उत्थान पर अधिकतम ध्यान दे रही है और आज धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत, लगभग 80,000 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 550 जिलों में 63,000 आदिवासी बहुल गांवों का विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बताया कि इन आदिवासी बहुल गांवों में सामाजिक-आर्थिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम किया जाएगा और इसका लाभ देश के 5 करोड़ से अधिक आदिवासी भाई-बहनों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा, झारखंड के आदिवासी समाज को भी इससे बहुत लाभ होगा।

**पीएम-जनमन योजना के माध्यम से आदिवासी समाज को मिल रहा है लाभ :** प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की धरती से की जा रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर झारखंड से पीएम-जनमन योजना की शुरुआत की गई थी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि 15 नवंबर, 2024 को जनजातीय गौरव दिवस पर भारत पीएम-जनमन योजना की पहली वर्षगांठ मनाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम-जनमन योजना के माध्यम से देश के उन आदिवासी क्षेत्रों तक विकास का लाभ पहुंच रहा है, जो पीछे रह गए थे।


# बापू एक विचार हैं : हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गांधी जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बुधवार को ट्वीटर पर लिखा है,गांधी जयंती के अवसर पर झारखण्ड समेत समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। बापू एक विचार हैं, जो हमेशा अजर-अमर हैं। अहिंसा, प्रेम, सत्याग्रह और स्वतंत्र जीवन के बापू के विचार मानव जाति को व्यवस्थित और संकल्पित होकर समाज के समग्र विकास में महती भूमिका निभाने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत-शत नमन।हेमंत सोरेन ने देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें भी याद किया है और ट्वीट कर लिखा है कि देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर शत-शत नमन।इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी गांधी जयंती के अवसर पर रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका जाकर वहाँ स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने पूज्य बापू के प्रिय भजन भी सुने।राज्यपाल ने इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बापू के सिद्धांत आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं।उन्होंने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का जो संदेश दिया था, वह हमारे समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है, जो सादगी के प्रतीक थे।

# 3 महीने के बाद खुला बेतला नेशनल पार्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** तीन महीने बाद बुधवार को पलामू टाइगर रिजर्व का बेतला नेशनल पार्क खुल गया. बुधवार से पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में पर्यटन की गतिविधि शुरू हो गई. पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष, उप निदेशक प्रजेश कांत जेना ने पर्यटन गतिविधि की शुरुआत की है. इस दौरान निदेशक ने स्थानीय स्कूली बच्चों के साथ पूजा-अर्चना की, जिसके बाद पर्यटन गतिविधि शुरू हुई. करीब एक दशक के बाद पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क के इलाके में पर्यटन शुल्क को बढ़ाया गया है.बेतला नेशनल पार्क में पर्यटन गतिविधि का संचालन इको डेवलपमेंट समिति के द्वारा किया जा रहा है. जिसमें समिति की ओर से 600 रुपये गाड़ी की इंट्री फीस तय की गई है, गाइड के लिए 200 रुपये, ईडीसी के लिए के लिए 50 रुपये और मेंटेनेंस फीस के नाम पर 200 रुपये का भुगतान करना होगा. इसके अलावा गाड़ी का किराया पर्यटकों को खुद से वहन करना होगा.पीटीआर के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई स्तर पर पहल की जा रही है. पार्क में कैंटीन खोला गया है. साथ ही कई तरह के सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई है. पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में हाल-फिलहाल में पांच बाघों की गतिविधि देखी गई है और बाघिन मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई है. पर्यटकों को बाहर से पानी का बोतल और स्नैक्स लाने की मनाही है. उन्होंने कहा कि वन्य जीवों को स्नैक्स खिलाने वालों पर कार्रवाई होगी.

**प्रथम : शैलपुत्री**



**ह्रीं शिवायै नमः**
देवी पार्वती को शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है. शैल का शाब्दिक अर्थ पर्वत होता है. पर्वतराज हिमालय के घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया.






## संक्षिप्त खबरें

### इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने चलाया स्वच्छता अभियान




**रांची :** स्वच्छ भारत अभियान ने एक दशक पूरे कर लिए हैं, इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया। भारत की प्राचीन ग्रंथों में समाजिक व्यवस्था और मन्दिर संस्कृति की परंपराऐ स्वच्छता की गवाह है। आज गांधी जयंती और स्वच्छ भारत अभियान के तहत इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने के सी राय अस्पताल में डस्टबिन उपलब्ध कराया। वहां के सफाई कर्मचारी को सम्मानित किया गया।अध्यक्ष दीपा चौहान, उपाध्यक्ष सोमा भादुड़ी,सचिव नीता शेखर, रिंकू बनर्जी, कामिनी प्रसाद मौजूद थी।

### राजभाषा पखवाड़ा - 2024 अति उत्साह के साथ मनाया गया

**रांची।** राजभाषा पखवाड़ा - 2024, सी.ई.टी और आरडीसीआईएस, राँची, मे अति उत्साह के साथ मनाया गया। पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमे आधिकारियों सहित कार्मिको ने भी बढ़ चढ़ कर रुचि दिखाई। राजभाषा पखवाड़े का समापन समारोह 30-09-2024 को एस के वर्मा कार्यपालक निदेशक,सी.ई.टी और एस के कर, कार्यपालक निदेशक, आरडीसीआईएस के मार्गदर्शन मे किया गया।

# सैंकड़ों युवाओं ने ली झामुमो की सदस्यता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** झामुमो रांची जिला समिति के रातु प्रखंड समिती के अन्तर्गत अल्पसंख्यक मोर्चा, युवा मोर्चा और क्रीड़ा मोर्चा के गठन को लेकर काठीटांड़ चौक के समीप, रातु, रांची मे बैठक हुई, जिसमें विभिन्न समिति का गठन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने अपने संबोधन मे कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा रातु प्रखंड के विभिन्न वर्ग संगठनों के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं। झामुमो आंदोलन की पार्टी है। संघर्ष कर हमने ये झारखंड अलग राज्य पाया है। आज आप देख रहे हैं कि किस तरह भाजपा हमारे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को हटाने के लिए साजिश रची और सात सात मुख्यमंत्रियों को लगाई हुई है। फूट की राजनीती करने के लिए कभी बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठा रही। हम सभी को मजबूती से आनेवाले विधानसभा चुनाव मे पुनः झामुमो की सरकार बनाना है।झामुमो रांची जिला एवं वर्ग संगठनों के पदाधिकारियों ने सभी युवाओं को पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर झामुमो की सदस्यता दिलाई और स्वागत किया साथ ही पार्टी के संबंध मे सभी का मार्गदर्शन किया।इस बैठक में मुख्य रूप से झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम , जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, जिला संगठन सचिव जुल्फिकार खान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, झामुमो रातु प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी उपस्थित हुए।

# हेमंत सरकार ने 5 साल तक झारखंड की जल, जंगल, जमीन को लूटा है : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** हजारीबाग में परिवर्तन बुधवार को परिवर्तन यात्रा के समापन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड में 20 सितंबर से परिवर्तन यात्रा चल रही थी। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में यह यात्रा पहुंची और हजारीबाग में यात्रा का समापन हुआ है। यात्रा के दौरान झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्र और प्रदेश के 40 लाख लोगों ने इस यात्रा में शामिल हुए।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भाजपा ने झारखंड के विकास के संदेशों को जनता तक पहुंचाने का काम किया। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी सरकार में हुए भ्रष्टाचार को लोगों तक पहुंचाने का काम किया गया। पिछले पांच सालों तक जेएमएम सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है। गठबंधन सरकार की कुशासन, कुव्यवस्था और राज्य सरकार की विफलता को जनता के बीच पहुंचाने का काम परिवर्तन यात्रा ने किया।राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी तीनों मिलकर सरकार चला रहे हैं, लेकिन 5 वर्षो कुछ नहीं किया। भ्रष्टाचारी सरकार सिर्फ कमाने और अपनी तिजोरी भरने में पूरा समय लगा दी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को बीते 5 वर्षों का हिसाब देना होगा। हेमंत सोरेन की सरकार ने पिछले 5 वर्षों तक झारखंड की जल, जंगल, जमीन, बालू, पत्थर को लूटा है। लूटने में जेएमएम की सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ा है।आगे कहा कि झारखंड में विकास हो इसके लिए राज्य में परिवर्तन करने की जरूरत है, क्यों कि हेमंत सोरेन ने राज्य के नौजवानों, महिलाओं, बुजुर्गों को सिर्फ ठगने का काम किया है और सबको लूटा है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी जी झारखंड के विकास के लिए कई योजनाएं यहां लाना चाहते हैं। इस संकल्प को हम सब हर घर, हर गांव, हर गरीब की झोपड़ी तक पहुंचाएंगे और इसबार झारखंड में परिवर्तन लाकर रहेंगे।

# भाकपा ने महात्मा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती सांप्रदायिक सौहार्द और सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया।सभी ने गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया । राज्य कार्यकारणी सह जिला सचिव अजय सिंह ने कहा की यह देश गांधी के विचारो से चलेगा, सत्य और अहिंसा के रास्ते पर दुनिया को चलना चाहिए ,देश की आपसी एकता और भाईचारा को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिन भी देश मना रहा है। शास्त्री ने देश को नारा दिया था कि जय जवान, जय किसान जिसने देश में हरित क्रांति लाया और देश अन्न के मामले में आत्मनिर्भर हुआ।ऐसे देश भक्तो के जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित करना गौरव का क्षण है।हमे इनके जीवन को आत्मसात करने के जरूरत है।

# नागपुरी फिल्म आई लव यू चार अक्टूबर को होगी रिलीज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** गिरिराज फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म आई लव यू जिसके निर्देशक विशाल वर्मा एवं क्रियेटिव निर्देशक राजीव सिन्हा, निर्माता मुकेश गिरी हैं,इनके निर्देशन में बनी फिल्म 4 अक्टूबर को रांची, हजारीबाग, रामगढ़ और जमशेदपुर में प्रदर्शित हो रहा है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए फिल्म के निर्देशक व अभिनेताओं ने जानकारी दी। बताया कि फिल्म झारखंड ,उड़ीसा, एवं छत्तीसगढ़ के प्रमुख सिनेमाघरों में प्रदर्शन करने की तैयारी है। फिल्म के हीरो नीतेश कच्छप, विवेक नायक, मुकेश , हिरोइन अमृता पाल,राज लक्ष्मी, समर कात्य, संगीत पवन मधुपुरी,गीत डा सागर, कैमरा इमरान शगुन , लेखक शशि रंजन द्विवेदी हैं सहित बेलाल आदि शामिल थे। बताया कि फिल्म एक लव स्टोरी है। बता दें कि 2024 में झॉलीवुड की यह तीसरी फिल्म होगी जो सिनेमा घरों में पहुंचेगी। वहीं आई लव यू एक नया रिकार्ड भी बनायेगी कि एक साथ एक ही दिन में कई जिलों के सिनेमा घरों में यह फिल्म दिखाई जायेगी। रांची के तीन सिनेमा घरों में जेडी, पॉपकन और पीवीआर सिनेमा घर शामिल हैं।

# बापू के मार्ग में चलकर झारखंड के युवाओ को न्याय दिलाएंगे : इमाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दो अक्टुबर बापू वाटिका,मोराबादी से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द व उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर छात्र नेता इमाम सफी के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन सत्याग्रह प्रारंभ किया गया। सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

सभी ने महात्मा गांधी,शहीद शेख भिखारी व लाल बहादूर शास्त्री को याद किया और उनके पद चिंह पर चलकर परीक्षा रद्द कराने की शपथ लिया।

आन्दोलन में मुख्य रुप से राजेश कुमार रंगीला, कहकशां कमाल, रवि कुमार, योगेश चंद्र भारती, शेख मोहसीन, चंदन कुमार, परवेज आलम, उम्मे हबीबा व अन्य छात्र मौजूद रहे। प्रेस को संबोधित करते हुए इमाम सफी ने कहा बापू के सत्य अहिंसा व सत्याग्रह के मार्ग में चलकर ही भ्रष्टाचार जैसी जटिल बीमारी को रोका जा सकता है। झारखंड में जेएसएससी व जेपीएससी भ्रष्टाचार की पर्याय बन गया है।

सीजीएल परीक्षा में इंटरनेट बंद करके भ्रष्टाचार को छूपाने की कोशिश की गई है। छात्र हताश न हों,खूद पर भरोसा रखें गांधी के मार्ग में चलकर परीक्षा रद्द कराएंगे और छात्रों को न्याय दिलाएंगे। इस परीक्षा को बापू ने भगाया गोरो को हम भगाएंगे चोरों को। कहकशां कमाल ने झारखंड के छात्रों से अपील किया ज्यादा से ज्यादा छात्र बापू वाटिका पहुंचे और परीक्षा रद्द कराएं।

# राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** दो अक्टूबर 2024 को काली मंदिर टैक्सी स्टैंड के पास राष्ट्र पिता महात्मा गांधी बापू की 155 वां जयंती के मौके पर स्थापित प्रतिमा में झारखंड फूट पाथ दुकानदार संघ सह झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जीत गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी (मोहनदास करमचंद गांधी) को माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई । पूर्व प्रवक्ता जीत गुप्ता ने बताया कि आज राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की न सिर्फ जयंती है, बल्कि आज संकल्प लेने का दिन है कि देश गांधी के बताये मार्ग पर ही चलेगा। आज कुछ लोग देश की युवा पीढ़ी को ग़लत इतिहास बताने और फेसबुक के माध्यम से पढ़ाने का काम कर रहें जो कभी होने नहीं दिया जायेगा। देश की स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। माहत्मा गांधी कल भी थे आज भी हैं और आने वाले पीढ़ियों के लिए भी मार्ग दर्शन बने रहेंगे। इस जयंती समारोह में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला के युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष अजीत नायक , सी पी आई के वरीष्ठ नेता अजय सिंह, युवा नेता अकबर कुरैशी , राजकुमार गुप्ता, निसार , पंकज, इम्तियाज, रिंकू शशि बबलू , पप्पू , राहुल नायक, विनोद साहू, तुलसी ,मुलायम यादव ,संजू सहित सैकड़ो फूट पाथ दुकानदार मौजूद थे।

# एक्सपो उत्सव में 5 दिन में उमड़ी 3 लाख से ज्यादा की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** मोरहाबादी मैदान में जेसीआई रांची द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव 2024 के 5वें दिन तक 3 लाख से अधिक लोग एक्सपो का हिस्सा बने। रांचीवासियों ने शॉपिंग के साथ-साथ मनोरंजन और दैनिक प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद लिया।5वें दिन टॉक शो का आयोजन हुआ, जिसमें बीएन आई के अंकित जैन ने युवाओं को प्रेरित करते हुए अपनी सफलता के अनुभव साझा किए। उन्होंने युवाओं को नए अवसरों का लाभ उठाकर बड़ी सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, ह्लरू डेयरी के ष्टश्वह्र अभिनव ने भी अपने सफर की कहानी सुनाई, जिसमें उन्होंने ज़ीरो से शुरू करके अपने ब्रांड को स्थापित करने की चुनौतियों और उपलब्धियों का वर्णन किया। योग प्रतियोगिता में 150 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, जिससे प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों में काफी उत्साह देखा गया। एक्सपो का समापन समारोह कल होगा, जिसमें जेसीआई के अध्यक्ष जेएस एफ एडवोकेट राकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

# 25 से 26 विधानसभा में कुशवाहा समाज की संख्या प्रभावकारी है : राजू महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब मे अयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने बतलाया कि झारखण्ड राज्य में एक बड़ी आबादी कुशवाहा समाज की रहती है। राज्य के कुल आबादी का 14 प्रतिशत लगभग है। कुशवाहा समाज का मुख्य पेशा कृषि पर आधारित है। झारखण्ड राज्य की राजनीति से कुशवाहा समाज को सभी राजनैतिक दलों ने दरकिनार कर दिया है।

झारखण्ड के 81 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 25 से 26 विधानसभा में कुशवाहा समाज की संख्या प्रभावकारी है। जैसे पाटनछत्तरपूर, हुसैनाबाद, विश्रामपूर, गढ़वा, भावनाथपूर, पाँकी, चतरा, सिमरिया, बड़कागाँव, हजारीबाग, रामगढ़, बरकट्ठा, हटिया, सिल्ली, माण्डर, लोहरदगा, कोडरमा, गाण्डेय, जमुआ, बगोदर, जमेशपूर पूर्वी, बोकारो, मधुपूर, सारठ, जरमुण्डी आदि प्रमुख हैं। महतो ने आगे बतलाया कि वर्तमान समय में सभी राजनैतिक दलों से अपील की गई है कि आठ से लेकर दस विधानसभा क्षेत्रों में कुशवाहा समाज के उम्मीदवरों को टिकट दिया जाए। सभी राजनैतिक दलों से अपील की जाती है कि राज्य में सामाजिक न्याय के साथ-साथ कुशवाहा समाज की जनसंख्यात्मक भागीदारी सुनिश्ति किया जाए।साथ ही कुशवाहा समाज तमाम राजनैतिक दलों से अपील करती है निम्निलिखित माँगों को अपनी चुनावी घोषणा पत्र में सम्मिलित करने की मांग रखी। संवादाता सम्मेलन में अमनजीत कुशवाहा ,शशि कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, प्रदेश सचिव संतोष महतो मुख्य रूप से शामिल हुए।

# बीसीसीआई महिला अंडर-19 टी20 टूर्नामेंट शुरु



**रांची।** बीसीसीआई महिला अंडर-19 टी-20 टूर्नामेंट रांची में जारी रहा, जिसमें ग्रुप एफ में तीन रोचक मैच खेले गए।गोवा बनाम पांडिचेरीः पांडिचेरी 8 विकेट से जीतामध्य प्रदेश बनाम हिमाचल प्रदेशः मध्य प्रदेश ने 20 रन से जीत दर्ज की सिक्किम बनाम मुंबईः मुंबई 189 रन से जीता।

# झारखंड पर पूंजीवादियों की है गिद्ध दृष्टि : केशव महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कांग्रेस भवन रांची में बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद केशव महतो कमलेश सहित नेताओं ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा,सद्भाव के विचारों की प्रासंगिकता आज भी है। उनके सिद्धांतों ने समाज को संदेश देने का काम किया है। अहिंसा के मार्ग पर चलकर बड़े-बड़े मसले को सुलझाया जा सकता है। हिंसा और घृणा का समाज में कोई स्थान नहीं है। देश की महान विभूति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने कठिन समय में देश का नेतृत्व किया। उन्होंने युद्ध की विभीषिका के समय अपने नेतृत्व कौशल का परिचय देते हुए जय जवान जय किसान का नारा बुलंद कर देश को एक नया रास्ता दिखाया और यह नारा देश के प्रगति में एक नये अध्याय की तरह जुड़ गया, ऐसे विभूतियों के आदर्शो को आज अपनाने की जरूरत है। बापू वाटिका से विकसित झारखंड समृद्ध झारखंडवासी का संकल्प लेकर आगामी विधानसभा चुनाव अभियान का आगाज किया गया। चुनावी अभियान का आगाज करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की एकता को प्रदर्शित करने का यही समय है । झारखंड पर पूंजीवादियों की गिद्ध दृष्टि है,इसे बचाने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। यह चुनाव झारखंडी लोगों के हितों की रक्षा का महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। हमें झारखंड वासियों के लिए संघर्ष करना है ताकि झारखंड में दरार पैदा करने वाली ताकत इस राज्य में कदम न जमा सके। अगले 60 दिन संघर्ष के दिन होंगे।

# श्री दुर्गा पूजा सफलतापूर्वक संपन्न कराया जायेगा : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर रांची जिला केंद्रीय शांति समिति की बैठक मंजूनाथ भंजन्त्री की अध्यक्षता में की गई । इस बैठक में रांची जिला अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी श्री दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष, सदस्य गण उपस्थित हुए । इन सभी ने अपने पूजा पंडालों के दौरान आने वाली कुछ समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया, मुख्य रूप से दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी ने मुख्य रूप से जो बातें रखी गई है।

**मुख्य बातें बताई गई :** श्री दुर्गा पूजा में बिजली की व्यवस्था रहे, पूजा के दौरान जगह जगह पंडाल बनाये गये हैं तो यातायात सुगम व्यवस्था हो ताकि किसी तरह का समस्या किसी को न हो, पूजा पंडालों के पास चलंत शौचालय की व्यवस्था किया जाए, लेक रोड से उर्दू लाइब्रेरी के बीच एवं अन्य जगहों में कहीं भी सड़क पर गड्डा हैं तो उस गड्ढे को भरा जाए , रात्रि 11ः00 बजे से 2ः00 तक कई जगहों पर अनावश्यक अड्डा बाजी की जाती है , वैसे जगहों को चिन्हित कर पुलिस पेट्रोलिंग की गस्ती बढ़ाई जाए



, पूजा पंडालों के आस पास महिला पाकेट मारों पर ध्यान रखा जाये, नशाखोरों पर ध्यान रखा जाए, मोटरसाइकिल चोरी नहीं हो इसका भी ध्यान रखें और पार्किंग की व्यवस्था रहे। वहीं जिस तरह से 29 सितंबर रविवार को प्लाजा चौक के पास प्रतिबंधित मांस फेंका गया तो आगे ऐसा नहीं हो, इस पर विशेष रुप से ध्यान रखा जाए। बैरिकेटिंग करने की व्यवस्था, और साफ सफाई रोजाना कराया जाए, प्रशासन पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाने की व्यवस्था करायें, रेलवे स्टेशन,एयरपोर्ट जाने में किसी को दिक्कतें नहीं हो इस पर ध्यान दिया जाए।

**अधिकारियों ने दिलाया भरोसा :** उपायुक्त मंजूनाथ भंजन्त्री , वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने संयुक्त रुप से भरोसा दिलाया कि श्री दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराया जायेगा, जो भी बातें आप लोगों की तरफ से आई है इस पर भी पूरा ध्यान दिया जायेगा।

**अधिकारी रहें उपस्थित :** उपायुक्त मंजूनाथ भंजन्त्री , वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, डीडीसी दिनेश यादव , ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल , एसडीएम उत्कर्ष कुमार , एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक, सीटी डीएसपी केवी रमन,हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा, सदर डीएसपी संजीव बेसरा, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, सहित विभिन्न थानों के थानेदार एवं पूजा पंडाल पदाधिकारी सदस्य जिसमें मुख्य रूप से भास्कर वर्मा, कुणाल अजमानी , अशोक पुरोहित, प्रदीप , इंद्रजीत सिंह, बादल सिंह, पंकज साहू ,जय सिंह यादव , इस्लाम, अकीलुर्रहमान सहित कई लोग शामिल थे।

# तबादला किये गए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार की ओर से तबादला किये गए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑडर बुधवार को जारी कर दिया गया है।

डीजीपी के आदेश पर आईजी मानवाधिकार ने यह ऑर्डर जारी किया है। उल्लेखनीय हैं कि 25 सितंबर को सरकार ने डीएसपी रैंक के 41 अधिकारियों का तबादला किया था।

लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उनका मूवमेंट ऑर्डर जारी नहीं किया गया था।

वहीं दूसरी ओर सरकार ने मंगलवार की देर रात सात डीएसपी के तबादले के आदेश को विलोपित कर दिया था। जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे डीएसपी जिनके पदस्थापन स्थान पर दूसरे डीएसपी का पदस्थापन हो गया है, परंतु उनका दूसरे जगह पर पदस्थापन नहीं हुआ है, वो पुलिस मुख्यालय में योगदान देंगे।

## मंत्री के निर्देश पर मानगो में कराई गई स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में मानगो के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराई गई। गुलाब बाग फेस (2) एनएच कॉलोनी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें ठीक कराई गई। जो स्ट्रीट लाइटें खराब थी, उन्हें जल्द से जल्द चेंज किया जाएगा। स्ट्रीट लाइटों को बनाने के लिए मानगो नगर निगम के द्वारा इलेक्ट्रीशियन को भेजा गया। इलेक्ट्रीशियन मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद समीर, मोहम्मद सदीक, मोहम्मद शादाब, ऑटो ड्राइवर दया को भेजा गया। अंसार खान का सहयोग मोहम्मद हसन खान व मोहम्मद मसरूर खान ने किया।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीव सप्ताह समारोह की शुरुआत



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीव सप्ताह समारोह 2024 की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि सबा आलम अंसारी, आईएफएस (प्रभागीय वन अधिकारी), जमशेदपुर ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। वन्यजीव सप्ताह समारोह 2-6 अक्टूबर तक स्कूलों और कॉलेज के छात्रों के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन करके मनाया जाएगा। पार्क के उप निदेशक सह प्रभारी अधिकारी डॉ. माणिक पालित ने वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में बात करते हुए स्वागत भाषण दिया। पार्क की जीव विज्ञानी सह शिक्षा अधिकारी और वन्यजीव सप्ताह समारोह की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सीमा रानी ने सप्ताह भर चलने वाले समारोह में निर्धारित कार्यक्रमों के बारे में बताया।

## चित्रगुप्त महा समिति ने मनाई गांधीजी व शास्त्रीजी की जयंती



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को चित्रगुप्त महा समिति की ओर से गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित चित्रांशों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव ने किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष रत्नेश्वर सहाय, कोषाध्यक्ष अभय लाभ, भूदेव वर्मा, मुकेश कुमार, महेश श्रीवास्तव, प्रभाष चंद्र श्रीवास्तव, किशोर प्रसाद श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र दास, एके श्रीवास्तव, एसबी प्रसाद, जेपी श्रीवास्तव, शशिकांत प्रसाद, केके सिन्हा समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## मैथिल उत्थान संस्थान की ओर से बारीडीह क्षेत्र में चला स्वच्छता अभियान

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सत्य, अहिंसा, न्याय, सत्याग्रह एवं स्वच्छता से न केवल भारत अपितु संपूर्ण विश्व को राह दिखाने वाले युगपुरुष, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं सादगी, शुचिता और कर्तव्यनिष्ठा के पर्याय भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मैथिल उत्थान संस्थान जमशेदपुर द्वारा बारीडीह बस्ती में अध्यक्ष उमा नाथ झा एवं महासचिव विजय चंद्र झा के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान के तहत ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों के साथ साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं नीलेश झा, अशोक मिश्रा व सुबोध झा ने गगनचुंबी नारा जय जानकी, जय मिथिला, जय मैथिल, जय झारखंड को बुलंद किया। समाजसेवी बबलू झा ने कहा कि आज के दिन मैथिल उत्थान संस्थान द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत बहुत ही नेक एवं जागरूकता अभियान चलाया गया जो संस्था द्वारा बहुत ही सराहनीय कदम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष रंजीत कुमार झा, विनय चौधरी, सुबोध झा, नीलेश झा, प्रवीण मिश्रा, मनु झा, हरेराम झा, मनोज झा, मिथिलेश झा, तरुण झा, अजय झा, नरेश चौधरी, अरविंद झा, मीरा झा, रंजू झा, रागिनी झा, सीमा मिश्रा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गांधी जयंती पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने अधिकारियों के साथ महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को राज्य के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार के साथ बिष्टुपुर स्थित खादी ग्रामोद्योग भंडार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था में आर्थिक उन्नति की परिकल्पना लिए राष्ट्रपिता ने खादी को अपनाने का आह्वान किया था। हम सभी को उनकी पुण्य स्मृति में खादी की खरीदारी जरूर करनी चाहिए। खादी हमारे स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक है। उन्होंने अपील किया कि खादी के सामानों का अपने जीवन में उपयोग जरूर करें, इससे हमारे जिले और राज्य के खादी ग्रामोद्योग से जुड़े लोगों को उचित मूल्य मिलेगा, उनके परिश्रम को सम्मान और पहचान मिलेगा।

## विश्वसनीयता और गुणवत्ता का प्रमाण है मीशो का गोल्ड टैग

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केट प्लेस, मीशो ने कुछ समय पहले विभिन्न श्रेणियों में किफायती प्रीमियम उत्पादों के अपने क्यूरेटेड संग्रह के लिए मीशो गोल्ड पेश किया था। मीशो गोल्ड का उद्देश्य विक्रेताओं को समर्पित सहयोग प्रदान करना है ताकि प्लेटफॉर्म पर उनका अनुभव बेहतर बने। गोल्ड का टैग उन उत्पादों को दिया जाता है, जो मूल्य, गुणवत्ता और ग्राहकों के अच्छे रिव्यू के मानकों को पूरा करते हैं। साथ ही अगर किसी उत्पाद पर गोल्ड टैग है, तो इसका मतलब है कि उसे ग्राहकों से लगातार अच्छी रेटिंग और फीडबैक मिलते आए हैं, जिससे उनकी 100 प्रतिशत विश्वसनीय क्वालिटी और भरोसा प्रदर्शित होता है। गोल्ड टैग विश्वसनीयता और गुणवत्ता का प्रमाण है। मीशो गोल्ड गुणवत्ता, किफायत और विक्रेताओं को सहयोग देने पर केंद्रित रहते हुए ऑनलाईन शॉपिंग के अनुभव में परिवर्तन ला रहा है। इससे जहां ग्राहकों को भरोसेमंद उत्पाद मिल रहे हैं, वहीं विक्रेता तेजी से विकास करने में समर्थ भी बन रहे हैं। मीशो इनोवेशन और विस्तार का अपना सफर जारी रखते हुए एक जीवंत मार्केटप्लेस का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो विक्रेताओं और ग्राहकों की बढ़ती हुई जरूरतों को पूरा करता रहे। मीशो किफायती प्रीमियम सेगमेंट के विक्रेताओं को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विक्रेताओं को अपने गुणवत्तायुक्त उत्पाद पेश करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। पिछले कुछ सालों में इस प्लेटफॉर्म पर जो विक्रेता किफायती मूल्य में आकर्षक उत्पाद और गुणवत्ता की 100 प्रतिशत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते आए हैं, उन्हें अपार सफलता मिली है। मीशो गोल्ड टैग वाले उत्पादों को सही मूल्य, अच्छी गुणवत्ता और ग्राहकों के सकारात्मक रिव्यू के कारण अच्छी विज़िबिलिटी मिलती आई है, जिससे विक्रेताओं को विकास करने और सफलता प्राप्त करने में मदद मिली है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने प्रधान सचिव समेत अधिकारियों की टीम के साथ किया एमजीएम कॉलेज का निरीक्षण

### 5 को डिमना एमजीएम अस्पताल के नए भवन का मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में 500 शय्या अस्पताल के ओपीडी सेवा का शुभारंभ एवं उद्घाटन कार्यक्रम 5 अक्तूबर को प्रस्तावित है। इसी क्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा एमजीएम कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। मौके पर स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम के अभियान निदेशक अबू इमरान, उपायुक्त अनन्य मित्तल व वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में मंत्री द्वारा उच्च स्तरीय बैठक कर



पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा भवन निगम के अभियंता प्रमुख, कार्यदायी एजेंसी एल एंड टी के प्रतिनिधियों से कॉलेज निर्माण संबंधी अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि 751 बेड का एमजीएम अस्पताल वर्तमान में बन चुका है, 131 बेड आईसीयू, 620 बेड जेनरल होंगे। इसी के साथ-साथ 100 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी अलग से बनाया जा रहा है जिससे अस्पताल की कुल कैपेसिटी 851 बेड की हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के निर्माण से कोल्हान के साथ-साथ आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। अस्पताल के सुव्यवस्थित एवं बेहतर संचालन को लेकर समीक्षा की गई तथा शेष जो संसाधन जरूरी है उसपर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जल्द ही यह अस्पताल कोल्हान वासियों की सेवा में समर्पित होगा। मौके पर सिटी एसपी श्री ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन पूर्वी सिंहभूम डॉ. साहिर पाल, सिविल सर्जन पश्चिमी सिंहभूम डॉ. जुझार माझी, एनडीसी डेविड बलिहार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा के सोनारी मंडल में गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बुधवार को महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सोनारी मंडल के अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में पंचवटी शिव काली मंदिर , बजरंगबली मंदिर के आस पास एवं बिरसा बस्ती में स्वच्छता दिवस मनाया गया व प्रांगण की साफ सफाई की गयी। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूरा होने के प्रसंग पर भाजपा सोनारी मंडल के तत्वधान में सोनारी पंचवटी नगर स्वच्छता अभियान चलाया गया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार ने कहा कि भारत मात्र भूखंड नहीं, भावखंड भी हैं। मुझे विश्वास है कि हम मात्र अपनी भूमि को ही नहीं, अपने भावों को भी स्वच्छ रखेंगे। अपनी दृष्टि को भी स्वच्छ एवं उज्ज्वल रखेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, अभिषेक डे, सतेन्द्र सिंह यादव, शंकर सिंह, शंकर राय, सुजीत आदित्य, कैलाश सिंह सरदार, कृष्णा यादव, प्रिंस यादव, महिला नेत्री अनिता देवी, मंजू देवी, गौरव नेगी, नीरज प्रसाद, राहुल, पूजा देवी, कुंती देवी एवं पार्टी समर्पित कार्यकर्ता शामिल हुए।

## विधायक गागराई ने आमदा खादी पार्क में मनाई महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** आमदा खादी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के दूसरे पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती विधायक दशरथ गागराई के नेतृत्व में मनाई गई। इस दौरान विधायक दशरथ गागराई ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री ने देश की आजादी में अहम योगदान दिया। जिसे देश हमेशा याद रखेगा। विधायक ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार और उनके जीवन के सिद्धांत आज भी हमें समाज में शांति सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से 20 सुत्री अध्यक्ष अजय सामद, पूर्व मुखिया रानी हेंब्रम व अमरेश महतो आदि उपस्थित थे।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने एकलव्य विद्यालय, पोटका का किया ऑनलाईन उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड अंतर्गत पोड़ाडीहा पंचायत के मंगलासाई में बने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पोटका का ऑनलाईन उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हजारीबाग से किया गया। इस अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पोटका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। सांसद प्रतिनिधि उपेंद्रनाथ सरदार, जिला परिषद सदस्य सूरज मंडल, सविता सरदार एवं सोनामनी सरदार तथा मुखिया दुखनीमाई सरदार उपस्थित रहीं। मौके पर विधायक ने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से बनाये गये मॉडल आवासीय विद्यालय का संचालन केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से किया जायेगा। यहां




शिक्षक की प्रतिनियुक्ति केंद्र सरकार से किया जायेगा, जबकि शिक्षकेत्तर कर्मी की प्रतिनियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। यहां पढ़नेवाले बच्चे आगे बढ़े और क्षेत्र का नाम रोशन करें, यही कामना करते हैं। इस शैक्षणिक वर्ष में 120- 120 आदिवासी छात्र-छात्राओं का नामांकण कक्षा छह में लिया जायेगा। एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय का निर्माण लगभग 17.50 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। वर्तमान में 240 छात्र छात्राओं के पढ़ने एवं आवासीय सुविधा उपलब्ध है। विद्यालय संचालन हेतु प्राचार्य की नियुक्ति सरकार द्वारा की गई है, दूसरे चरण में भी 240 छात्रों के लिए पठन पाठन एवं आवासीय सुविधा हेतु भवन का निर्माण किया जायेगा । इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता, बीडीओ अभय द्विवेदी, सीओ निकिता बाला, डीएसपी संदीप भगत, उप मुखिया कालीचरण सरदार, पंसस सोनामली सरदार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के हजारों सदस्य 3 अक्टूबर से रहेंगे हड़ताल पर, होगा ब्लैक आउट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के हजारों सदस्य 3 अक्टूबर से हड़ताल पर जा रहे हैं। इस बावत तैयारी को लेकर संघ के जमशेदपुर सप्लाई एरिया बोर्ड के अध्यक्ष राजेश सिंह राजू ने घाटशिला में बैठक कर तैयारी का जायजा लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि पूरे राज्य में आउटसोर्स अभिशाप के रूप में देखा जा सकता है। हर जगह लूट खसोट चरम पर है और सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है ऐसे में हड़ताल के अलावा हमारे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के विद्युत कर्मी आक्रोश में है और सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। इसी को लेकर आज घाटशिला की बैठक में हड़ताल की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने दावा किया कि हड़ताल में लगभग 7000 विद्युत कर्मी शामिल हो रहे हैं और ऐसे में पूरे राज्य को



ब्लैकआउट होने से कोई बचा नहीं सकता।

**श्रमिक संघ की मांगें :** आउटसोर्स व्यवस्था खत्म कर पुरानी व्यवस्था लागू करें और होमगार्ड की तर्ज पर विद्युत कर्मियों का भी मानदेय 1000 रुपए से ऊपर अनुभव के आधार पर चार वर्गों में तय हो।नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता तय हो। 10 वर्ष से ऊपर सेवा देने वाले कर्मियों का नियमित नियुक्ति हो। सभी सप्लाई व ट्रांसमिशन जोन में हुए एरियर घोटाले की जांच हो और जहां एरियर नहीं दिया गया है वहां पर उसका भुगतान सुनिश्चित हो।

## आईटीसी के सनफीस्ट डार्क फैंटेसी की नई पहल से बच्चों को मिलेगा नासा जाने का मौका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारत का पसंदीदा कुकी ब्रांड आईटीसी के सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने अपनी नई पहल स्बिग फैंटेसीजरू गिव विंग्स टू योर इमेजिनेशनश् का शुभारंभ किया। इस दौरान एक फैंटेसी स्पेसशिप बस भी लाउंच किया गया, जो देश के विभिन्न राज्यों में जाकर बच्चों की स्पेस के प्रति जागरुकता को बढ़ाएगा। आईटीसी लिमिटेड के बिस्कुट और केक क्लस्टर, फूड्स डिवीजन के सीईओ हैरिस शेरे ने कहा कि सनफीस्ट की यह नई पहल पूरे देश के उन बच्चों को मौका देगी जो स्पेस में रुचि रखते हैं। उन्होंने बताया कि



यह बस विभिन्न राज्यों के स्कूल में जाकर बच्चों की स्पेस के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा। विज्ञान, कला और तकनीक की मदद से फैंटसी स्पेसशिप बस को बनाया गया है। इसमें 3डी स्क्रीन लगी है जो बच्चों द्वारा बनाए गए स्पेस मॉडल को तुरंत डिजिटली कंवर्ट कर भविष्य में इसके उपयोग को बढ़ावा देगा। इस पहल के तहत चुनिंदा बच्चों को नासा जाने का मौका दिया जाएगा, जहां वह अंतरिक्ष अन्वेषण का सपना पूरा कर पाएंगे। कार्यक्रम में इसरो के पूर्व निदेशक प्रकाश राव ने रचनात्मकता और तकनीक के बीच तालमेल बैठाने और भविष्य की पीढ़ियों को आकार देने में कल्पनाशक्ति की भूमिका के बारे में बात की।

## भादुडीह सातनाला रोड चौड़ीकरण के लिए भू-अर्जन को 16 करोड़ आवंटित

### भाजपा नेता का प्रयास रंग लाया, रैयतों ने किया विमल बैठा का स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा जिले के उपायुक्त कार्यालय से लेकर रांची तक लगातार किए गए आंदोलन की वजह से राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग की ओर से रैयतों के लिए करीब 16 करोड़ 11 लाख 32 हजार 918 की राशि आवंटित की गई है जिसे 10 गांवों के सैकड़ों रैयतों के बीच वितरण किया जाना है। भादुडीह-बोड़ाम होते हुए माधवपुर भाया सातनाला रोड के चौड़ीकरण में भू-अर्जन विभाग द्वारा अधिग्रहित जमीन का मुआवजा के रूप में यह राशि स्वीकृत की गई है। बताते हैं कि कुल स्वीकृत अवॉर्ड



राशि 19 करोड़ 41 लाख 42 हजार 918 में से 3 करोड़ 30 लाख 10 हजार का भुगतान पूर्व में हो चुका है। फंड के अभाव में शेष राशि 16 करोड़ 11 लाख 32 हजार 918 के भुगतान का मामला पिछले 5 सालों से लटका हुआ था और कार्यालयों के चक्कर काटते हुए ग्रामीण थक चुके थे। उनके आंदोलन को बल तब मिला जब भाजपा के अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा 3 माह पूर्व इसका नेतृत्व करने आगे आए। मंगलवार को इस बात की जानकारी कार्यालय से मिलते ही रैयतों में खुशी की लहर दौड़ गई। बुधवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने बोड़ाम बाजार में पूर्व मुखिया विश्वनाथ मुदी के नेतृत्व में विमल बैठा का फूलमाला पहनाकर जमकर स्वागत किया और खुशी में पटाखे भी फोड़े गए। प्रभावित गांवों में चिमटी, बोंटा, रेचाडीह, चुनीडीह, आंधारझोर, शोभादा, दुबराजपुर, पलाशडीह, बोड़ाम व माधवपुर के रैयत शामिल हैं जबकि डांगडुंग गांव के रैयतों को पूर्व में ही राशि मिल चुकी है। मौके पर मुख्य रूप से विश्वनाथ मुदी, युधिष्ठिर महतो, अजय महतो, बलराम मुदी, आदि शामिल थे। इस संबंध में विमल बैठा ने कहा कि जल्द ही 787 रैयतों के खाते में उक्त राशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी देखकर उन्हें काफी संतुष्टि मिली क्योंकि उनके हक की लड़ाई में उन्हें सफलता हासिल हुई है।

## लावा पंचायत भवन में सबकी योजना सबका विकास हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को पटमदा प्रखंड के लावा पंचायत मंडप में पीपल्स प्लान कैपेन के तहत सबकी योजना सबका विकास वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्माण हेतु प्रशिक्षण सह अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के मुखिया कानुराम बेसरा, पंसस बृंदावन दास, पंचायत सचिव घनश्याम महतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी देव कुमार, प्रखंड समन्यवक सोनी हेम्ब्रम, वार्ड सदस्य अश्विनी दास व जीतूलाल मुर्मू आदि शामिल हुए। मुखिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 75 वर्ष से अधिक पुरुष व महिलाओं को फलदार वृक्ष एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिला फेलो के द्वारा सभी 9 थीम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके बाद वृक्षारोपण व प्रभातफेरी निकाल लोगों को जागरूक करने का काम किया गया।

## कांग्रेसियों ने मनाई गांधीजी व शास्त्रीजी जयंती



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड कांग्रेस कमिटी के कार्यालय में महात्मा गांधी और भारत के दूसरे पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा, प्रदेश प्रतिनिधि राज बकची, पुर्व प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण चंद्र सोय, मान सिंह मुंडा, श्याम लाल सोय, दुबराज महतो, माधव महतो, बागुन मुंडा, राशिक लाल सोय, सुमित कुमार महतो, लक्ष्मण गुंजा, मनोज कुम्हार आदि उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करना सराहनीय पहल : विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड सभागार में झारखंड आंदोलनकारी आयोग द्वारा चिन्हित झारखंड आंदोलनकारियों के बीच विधायक सविता महतो ने प्रमाण पत्र का वितरण किया। गांधी जयंती के शुभ अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विधायक सविता महतो ने जिला परिषद सदस्य जोतिलाल मांझी, प्रमुख गुरूपद मार्डी, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद की उपस्थिति में ईचागढ़ प्रखंड सभागार में 70 झारखंड



आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि झारखंड अलग राज्य हुए इतने दिनों के बाद हेमंत सोरेन की सरकार ने अलग राज्य के लिए आंदोलन कर चुके आंदोलनकारियों को चिन्हित कर प्रमाण पत्र देने का काम किया, जो सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन की सरकार प्रमाण पत्र देकर सम्मान दिया है। इसके पूर्व किसी भी सरकार ने झारखंड आंदोलनकारी के संबंध में कभी कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का नाम किसी कारण से छूट गया है, वैसे आंदोलनकारियों का नाम जोड़ने के लिए आयोग के चेयरमैन से बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि आंदोलन में शहीद हो चुके उनके परिजनों को सम्मान देने का काम सरकार करेगी। कार्यक्रम में आंदोलनकारी राम प्रसाद महतो, अधिवक्ता महेंद्र कुमार महतो , गुसेश्वर महतो आदि ने कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही शहीद अजीत धनंजय महतो के आश्रितों को भी सम्मानित करते हुए पेंशन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय। कार्यक्रम का संचालन सुभाष दत्ता ने किया। मौके पर विधायक की पुत्री स्नेहा महतो, केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो, समाजसेवी भूषण चन्द्र मुर्मू , हरेंद्र नाथ महतो, अघोर महतो व हलधर दास आदि उपस्थित थे।

## नारायण आईटीआई में मनाई गई गांधीजी व शास्त्रीजी की जयंती

**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। मौके पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और स्वच्छ पखवाड़ा का समापन किया गया। इस अवसर पर चित्रकला का आयोजन किया गया। संस्थापक डॉ. जटाशंकर पांडेय ने कहा कि मोहनदास करमचन्द गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 और निधन 30 जनवरी 1948, जिन्हें महात्मा गांधी के नाम से भी जाना जाता है। भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे।प्रति वर्ष 2 अक्टूबर को शास्त्रीजी का जन्मदिन भी मनाया जाता है। लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमन्त्री थे। मौके पर मुख्य रूप से अधिवक्ता निखिल कुमार, सुधिस्त कुमार, शांति राम महतो, जयदीप पांडेय, पवन कुमार महतो आदि उपस्थित रहे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# नसरल्लाह का खेल खत्म

**अंततः** इजरायली सेना ने आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के सरगना शेख हसन नसरल्लाह को मार गिराया। इसी के साथ एक खूंख्वार और खौफनाक आतंक का अध्याय समाप्त हुआ। इजरायली सेना ने सटीक खुफिया सूचना के आधार पर लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह मुख्यालय और उसके 140 से अधिक ठिकानों पर ऐसी बमवर्षा की कि नसरल्लाह किसी बंकर में भी सुरक्षित नहीं रह पाया। करीब 30 मिनट के भीतर लगभग 80 बम दागे गए। उनमें बंकर बस्टर बम भी थे, जो किसी भी बंकर को फाड़ कर अंदर घुसने और विस्फोट करने में सक्षम हैं। इस अभियान के बाद इजरायली सेना ने बयान दिया कि अब नसरल्लाह दुनिया पर अपना आतंक नहीं फैला सकेगा। जाहिर है कि यह उसके मारे जाने का ठोस दावा था। कुछ घंटों के बाद हिजबुल्लाह ने भी कबूल किया कि चीफ शहीदों में शामिल हो गए हैं। दरअसल नसरल्लाह अलकायदा के ओसामा बिन लादेन, अयमान अल जवाहिरी, हमास के सियासी ब्यूरो के सरगना इस्माइल हनियेह और हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडरों की जमात का ही आतंकवादी था, जिसने अमरीका और इजरायल में हजारों इनसानी जिंदगियों को 'लाश' बना दिया था। उसका एकमात्र मकसद था कि इजरायल और यहूदियों का वजूद ही खत्म करना है। नसरल्लाह 1992 से हिजबुल्लाह का सरगना आतंकी था। संगठन के संस्थापक मुखिया सैयद अब्बास मुसावी को दक्षिण लेबनान में इजरायली हेलीकॉप्टर हमले में मार दिया गया था। उसके दो दिन बाद फरवरी, 1992 में नसरल्लाह महासचिव चुना गया। उसके नेतृत्व में ही हिजबुल्लाह मध्य-पूर्व में सबसे ताकतवर समूहों में से एक बना। 1997 में अमरीका ने हिजबुल्लाह को आतंकी संगठन घोषित किया। नसरल्लाह ईरान की 'प्रॉक्सी' के तौर पर इस्लामी जेहाद का 'मुजाहिद' माना जाता था। यह इसी से साफ है कि ईरान ने उसकी मौत के बाद पांच दिन का 'राष्ट्रीय शोक' घोषित किया है, क्योंकि ईरान ने उसे 'महान मुजाहिद' माना है। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से ही ऐलान किया है कि जब तक हमास, हिजबुल्लाह का खात्मा नहीं होता, तब तक इजरायल की उनके खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। अब सवाल है कि नसरल्लाह के बाद हिजबुल्लाह की सैन्य और मानसिक ताकत कितनी शेष रहेगी कि वह इजरायल से जंग लड़ सके? हिजबुल्लाह के शीर्ष चार कमांडरों को इजरायली सेना ने बीते एक माह के दौरान ही ढेर कर दिया था। अब कमांडर अबु अली रीदा ही जिंदा बचा है। बेशक हिजबुल्लाह की ताकत और शस्त्रागार अब भी पर्याप्त हैं, लेकिन सरगना की मौत के बाद जो बिखराव आएगा, उसे समेटने में अभी वक्त लगेगा। हालांकि सरगना की मौत के बावजूद हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजरायल पर करीब 90 रॉकेट दागे, लेकिन उन्हें बॉर्डर पर ही नाकाम कर दिया गया। खबरें हैं कि नसरल्लाह का चचेरा भाई और हिजबुल्लाह की कार्यकारी परिषद का मुखिया हाशेम सैफीद्दीन को हिजबुल्लाह का 'नया सरगना' बनाया जा सकता है। गौरतलब यह भी है कि क्या ईरान इजरायल के खिलाफ पलटवार करेगा अथवा बयानबाजी तक ही सीमित रहेगा? ईरान ने इजरायल के हमले को 'बर्बर' करार दिया है। हमले में निहत्थे लोगों को निशाना बनाया गया है। इजरायल को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बेशक इजरायल ने हिजबुल्लाह का कचूमर निकाल दिया है। लेबनान में व्यापक तौर पर तबाही हुई है। असंख्य घर और इमारतें जमींदोज हो गई हैं, लेकिन यह इजरायल, हमास, हिजबुल्लाह, ईरान किसी की भी मानवीय चिंता नहीं है। ईरान नसरल्लाह की मौत से घबरा गया है, लिहाजा सर्वोच्च नेता खामेनेई को किसी 'सुरक्षित स्थान' पर भेजा गया है। क्या खामेनेई भी इजरायल के निशाने पर है? ईरान के सामने कई संकट हैं। यदि वह इजरायल के खिलाफ खुली जंग में उतरता है, तो अमरीका उसके परमाणु कार्यक्रम और अस्त्रों को विनष्ट कर सकता है। इजरायल भी ईरान के तेल-ढांचे को निशाना बना कर छिन्न-भिन्न कर सकता है।

इजरायली सेना ने सटीक खुफिया सूचना के आधार पर लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह मुख्यालय और उसके 140 से अधिक ठिकानों पर ऐसी बमवर्षा की कि नसरल्लाह किसी बंकर में भी सुरक्षित नहीं रह पाया। करीब 30 मिनट के भीतर लगभग 80 बम दागे गए। उनमें बंकर बस्टर बम भी थे, जो किसी भी बंकर को फाड़ कर अंदर घुसने और विस्फोट करने में सक्षम हैं। इस अभियान के बाद इजरायली सेना ने बयान दिया कि अब नसरल्लाह दुनिया पर अपना आतंक नहीं फैला सकेगा। जाहिर है कि यह उसके मारे जाने का ठोस दावा था। कुछ घंटों के बाद हिजबुल्लाह ने भी कबूल किया कि चीफ शहीदों में शामिल हो गए हैं। दरअसल नसरल्लाह अलकायदा के ओसामा बिन लादेन, अयमान अल जवाहिरी, हमास के सियासी ब्यूरो के सरगना इस्माइल हनियेह और हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडरों की जमात का ही आतंकवादी था, जिसने अमरीका और इजरायल में हजारों इनसानी जिंदगियों को 'लाश' बना दिया था।

## नए टर्मिनल से वीओ चिदंबरनार पोर्ट के सामथ्र्य में भी विस्तार होगा

# अब बंदरगाहों से निर्यात बढ़ने का दौर

डा. जयंती लाल भंडारी

लाल सागर में बढ़ते संकट और कंटेनरों की किल्लत की चिंताओं के बीच बंदरगाहों से विदेश व्यापार बढ़ाने और निर्यातकों की सहायता के लिए अहम फैसले लिए हैं। इन फैसलों के तहत शिपिंग कॉरपोरेशन बड़े कंटनेर जहाज चलाएगी। बंदरगाह शुल्क में कटौती की जाएगी तथा निर्यात की खेपों को जल्दी भेजने के लिए प्रक्रिया में तेजी के उपाय शामिल हैं।

**हाल** ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बढ़ते विदेश व्यापार घाटे, लाल सागर में बढ़ते संकट और कंटेनरों की किल्लत की चिंताओं के बीच बंदरगाहों से विदेश व्यापार बढ़ाने और निर्यातकों की सहायता के लिए अहम फैसले लिए हैं। इन फैसलों के तहत शिपिंग कॉरपोरेशन बड़े कंटनेर जहाज चलाएगी। बंदरगाह शुल्क में कटौती की जाएगी तथा निर्यात की खेपों को जल्दी भेजने के लिए प्रक्रिया में तेजी के उपाय शामिल हैं। पिछले दिनों 16 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर नए तूतीकोरिन अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन करते हुए अपने संदेश में कहा कि यह टर्मिनल भारत के मरीन इंफ्रास्ट्रक्चर का नया सितारा है। इस नए टर्मिनल से वीओ चिदंबरनार पोर्ट के सामथ्र्य में भी विस्तार होगा। खास बात यह भी है कि बंदरगाह से निर्यात बढ़ाने के नए फैसलों से देश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के निर्यात भी बढ़ेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक देश दुनिया की खाद्य टोकरी बनता जा रहा है और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अब निर्यात लागत घटने के कारण खाद्य प्रसंस्करण निर्यात और बढ़ेंगे। उल्लेखनीय है कि इस समय देश के वैश्विक व्यापार को बढ़ाने और निर्यात के ऊंचे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बंदरगाहों के आधुनिकीकरण के साथ उन्हें समुद्री व्यापार के लिए प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीति के साथ तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। विगत 30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76000 करोड़ रुपए की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वधावन देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा।

इस परियोजना का उद्देश्य भारत में एक विश्व स्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार स्थापित करना है, जो बड़े कंटेनर जहाजों की जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि वधावन बंदरगाह भारत के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगा। यह अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों को सीधा संपर्क प्रदान करेगा, जिससे पारगमन समय और लागत कम होगी। यह बंदरगाह भारत की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा। गौरतलब है कि भारत की 7517 किमी लंबी समुद्री तटरेखा है, जो 9 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों को समाहित करती है। देश के विशाल समुद्र तटों पर, 13 प्रमुख बड़े और 212 छोटे बंदरगाह हैं। बड़े बंदरगाहों में पूर्वी तट पर हल्दिया,



पारादीप, विशाखापट्टनम, कामराज, चेन्नई, तूतीकोरीन और पोर्ट ब्लेयर हैं। पश्चिमी तट पर कोचीन, न्यू मैंगलोर, मोरमुगांव, जवाहरलाल नेहरू, कांडला और मुंबई बंदरगाह हैं। भारतीय बंदरगाह अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और वैश्विक व्यापार के लिए शताब्दियों से महत्वपूर्ण बने हुए हैं और बंदरगाहों से विदेश व्यापार लगातार बढ़ता गया है। इस समय भारत का मात्रा के हिसाब से 95 फीसदी और मूल्य के हिसाब से 70 फीसदी व्यापार बंदरगाहों के माध्यम से होता है। निःसंदेह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार होने के कारण भारतीय बंदरगाहों ने समुद्री (तटीय) राज्यों को देश में औद्योगिक विकास के मद्देनजर पसंदीदा स्थल बना दिया है। परिवहन संबंधी न्यूनतम बाधाओं के साथ-साथ लॉजिस्टिक लागत में कमी बंदरगाहों के निकटवर्ती क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ाने वाला प्रमुख कारण है। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में भारत अपने बंदरगाहों को समुद्री व्यापार की धुरी बनाने के लिए लगातार रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। निजी बंदरगाहों को प्रोत्साहन दिया गया है। भारत कार्गो और जहाजों को संभालने में अपनी दक्षता में सुधार करने के उद्देश्य से अपने बंदरगाहों का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है।

वर्ष 2015 में सागरमाला कार्यक्रम के लॉन्च होने के बाद से बंदरगाह के नेतृत्व वाले विकास को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन मिला है। मार्च 2022 तक सागरमाला कार्यक्रम के लिए 5.40 लाख करोड़ रुपए की निर्धारित लागत वाली कुल 802 परियोजनाओं में से 1.12 लाख करोड़ रुपए की 221 परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं, जबकि 4.28 लाख करोड़ रुपए की 581 परियोजनाएं विकास के विभिन्न चरणों में हैं। वर्ष 2021 में लॉन्च किए गए पीएम गति-शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के माध्यम से विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को गति प्रदान की जा रही है। पीएम गति-शक्ति मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी परियोजनाओं की समन्वित योजना और निष्पादन पर केंद्रित है जिसमें बंदरगाह भी शामिल हैं। ज्ञातव्य है निजी भागीदारी बंदरगाह आधारित विकास की मुख्य रणनीति है। इस संबंध में 100 करोड़ रुपए से अधिक निवेश की सभी परियोजनाएं नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) के तहत सूचीबद्ध हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जो समुद्री राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स पोर्टल (एनएलजी) जनवरी 2023 में शुरू हुआ है, वह एक ऐसा वन-स्टॉप प्लेटफार्म है जो लॉजिस्टिक्स समुदाय के सभी हितधारकों को आईटी के माध्यम से जोड़ता है। जिसका उद्देश्य लागत और समय की देरी को कम करते हुए दक्षता और पारदर्शिता में सुधार करना है। सरकार ने बंदरगाह और बंदरगाह निर्माण और रखरखाव परियोजनाओं के लिए स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी हुई है। इसके अलावा 11.8 अरब डॉलर के योजनाबद्ध आउटले के साथ समुद्री क्षेत्र को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय समुद्री विकास कार्यक्रम (एनएमडीपी) भी अत्यधिक लाभप्रद है। अब मेरीटाइम इंडिया मिशन 2030 के तहत बंदरगाहों के विकास और लॉजिस्टिक लागत घटाकर समुद्री अर्थव्यवस्था से देश को लाभान्वित करने का नया अध्याय आगे बढ़ रहा है। इन सबके साथ-साथ वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन (जीएमआईएस) के दौरान तय किए गए व्यापक रोडमैप के साथ समुद्री अमृतकाल विजन 2047 भारत के समुद्री क्षेत्र को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। निःसंदेह सरकार और निजी क्षेत्र के द्वारा समन्वित रूप से किए जा रहे समुद्री विकास और बंदरगाहों के विकास के रणनीतिक प्रयासों के अच्छे परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं।

जहां 1990 के दशक में देश में जहाज की वापसी में लगने वाला औसत समय लगभग 7.8 दिन था, अब यह आंकड़ा कम होकर 2 दिनों से भी कम रह गया है। कई अन्य परिचालन दक्षता संकेतकों में भी बड़े सुधार आए हैं। यह स्पष्ट है कि जल परिवहन दुनियाभर में माल ढुलाई के लिए सबसे सस्ता और वरीयता वाला माध्यम है। चीन और अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों ने जैसे-जैसे विकास की ओर कदम बढ़ाए, वैसे-वैसे उन्होंने अपने जल मार्गों का अधिकतम उपयोग किया है। उन्होंने जल मार्गों को अपनी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बना लिया है।

दृष्टि कोण

# आत्मीयता-सौहार्द की प्रतिमूर्ति थे डा. प्रत्यूष

**पिछले** दो महीनों में मेरी सरकारी नौकरी के सफर में साथी रहे दो सेवानिवृत्त कर्मियों के महाप्रयाण के बाद एकाएक हिंदी और पहाड़ी के साहित्यकार डा. प्रत्यूष गुलेरी के देहावसान की खबर मिली। कुछ साल पहले उनके बड़े भाई डा. पीयूष गुलेरी अनदेखी यात्रा पर निकले और उनके पीछे-पीछे डा. प्रत्यूष गुलेरी भी बड़े भाई की राह पर निकलने का मोह न संवरण कर पाए। इस दौरान डा. प्रत्यूष ने अपने कई परिजनों का साथ खोया। लेकिन बेहद संवेदनशील और स्नेही डा. प्रत्यूष बड़े भाई और मार्गदर्शक तथा माता के जाने के आघात को इतना भीतर तक महसूस करते थे कि स्वयं का भरा-पूरा परिवार होने के बावजूद अपने आपको अकेला मानने लगे थे। शायद उनका यही अकेलापन उनकी साढ़े तीन हाथ की देही को भीतर से खोखला करता गया। फिर एक दिन अपने बेटे के पास चंडीगढ़ में चिकित्सीय परीक्षण के लिए जाते हुए बेहद सधे हुए अंदाज में पोते के साथ मंदिर में माथा टेकने और वहीं एक बैंच पर बैठने के बाद वह बड़े भाई और मां की राह पर कदम बढ़ा गए। जीवन की यही गति है। आए हैं सो जाएंगे, राजा रंक फकीर। कौन बचा है आज तक। सन् 1947 में राज पुरोहित कीर्तिधर शर्मा गुलेरी तथा माता सत्यवती के जिला कांगड़ा के गुलेर स्थित आवास में जन्मे डा. प्रत्यूष मैट्रिक पास करने के बाद 18 साल की आयु में जेबीटी अध्यापक नियुक्त हुए। इसके बाद उन्होंने प्रभाकर, बीए, बी. एड. और एमए किया। पर उनके अध्ययन की भूख अभी खत्म नहीं हुई थी। हिंदी साहित्य में पीएचडी करने के बाद वह साल 1982 में कालेज कैडर में सह-प्रोफेसर नियुक्त हुए। इस दौरान उन्होंने बीए, एमए तथा बी. एड. के छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के साथ स्कूल अध्यापकों तथा प्राध्यापकों को रिफ्रेशर कोर्स कराने में अहम भूमिका निभाई। वह छात्रों के समग्र विकास के लिए उन्हें साहित्यिक, सांस्कृतिक शैक्षिक व शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते रहे। सरकारी सेवा से मुक्त होने के बाद उन्होंने जम्मू के एक निजी बीएड कॉलेज में पांच साल तक प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं। बतौर शिक्षक अपने कार्यकाल के दौरान वह सांस्कृतिक दलों तथा यूथ फेस्टिवल की प्रतियोगिताओं के प्रभारी रहे तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों की कई सांस्कृतिक, साहित्यिक प्रतियोगिताओं में निर्णायक भी रहे। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में नृत्य दलों मुकाबलों के निर्णायक दलों के सदस्य भी रहे। हिमाचल के संस्कृति तथा भाषा विभाग के अलावा हिमाचल अकादमी, राष्ट्रीय संस्थानों, साहित्य अकादमियों, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और केंद्रीय हिंदी संस्थान के साहित्यिक सांस्कृतिक समारोहों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहे। वह हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों के सांस्कृतिक तथा नृत्य दलों को दूरदर्शन लेकर गए। ये सभी कार्यक्रम काफी लोकप्रिय रहे। वह दूरदर्शन जालंधर और शिमला से कई साहित्यिक चर्चाओं और हिंदी-हिमाचली कवि सम्मेलनों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे। साहित्यकार के रूप में वह अपने उपनाम प्रत्यूष गुलेरी के रूप में प्रसिद्ध रहे, किंतु उनका पूरा नाम श्रीकांत प्रत्यूष गुलेरी था। करीब सोलह साल की उम्र में उनकी हिंदी कविताओं को अखबारों में जगह मिलना आरंभ हुई। आकाशवाणी शिमला से पहली बार सन् 1966 में उनकी कविताओं का प्रसारण हुआ। इसके बाद सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों तथा संस्थानों द्वारा आयोजित साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का सिलसिला आम बात हो चुकी थी। सन् 1970 में पहाड़ी में उनका पहला कविता संग्रह 'गीतां री सीर' छपा। उसके बाद बृजराज और उनका काव्य शोध प्रबंध प्रकाश में आया। उनके द्वारा किए गए बृजराज की पुस्तकों के संपादन तथा प्रकाशन 'बृजराज रामायण', राम रस लहरी, मंगलशतक और 'नीति शतक ग्रंथ' विशेष चर्चित रहे। उनकी हिंदी में प्रकाशित कुल बाईस पुस्तकों में कथा, कविता, उपन्यास, निबंध और आलोचना शामिल हैं। बाल साहित्य में पुस्तक न्यास भारत की ओर से बालगीत बेहद लोकप्रिय है, जिसके अब तक छह संस्करण छप चुके हैं। उनकी संपादित हिंदी बाल कविताएं भी उल्लेखनीय हैं। हिमाचल प्रदेश में रचित ब्रजभाषा काव्य पर उनका विशेष शोध कार्य उल्लेखनीय है। हिमाचली लोक साहित्य तथा हिमाचली पहाड़ी भाषा में उनकी दस पुस्तकों में उनका मौलिक कर्म, संपादन और अनुवाद शामिल है। इनमें गुलेरी रचना संचयन, हिमाचली लोक कथाएं, हिमाचली प्रतिनिधि काव्य संकलन तथा हिमाचली कहानियां साहित्य अकादमी और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास प्रमुख हैं।

कुछ अलग

# चिकित्सा अनुदान का दुरुपयोग

**पंजाब** और हरियाणा उच्च न्यायालय की फटकार ने निश्चित रूप से पंजाब सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं में घोर कुप्रबंधन को ही उजागर किया है। विडंबना यह है कि शासन-प्रशासन ने राज्य में स्वास्थ्य संबंधी दायित्व तो पूरे नहीं किए, लेकिन तंत्र के विलासितापूर्ण खर्चे बदस्तूर जारी रहे। कमजोर वर्ग के मरीजों को राहत देने के मकसद से शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत केंद्र सरकार से मिले तीन सौ पचास करोड़ रुपये प्राप्त करने के बावजूद सरकार अस्पतालों के लिये यह धनराशि जारी करने में विफल रही। जिसके चलते चिकित्सा संस्थानों का राज्य सरकार पर करीब पांच सौ करोड़ धन बकाया रह गया है। यह विडंबना ही है



कि शासन की यह लापरवाही ऐसे समय में उजागर हुई है जब राज्यभर के अस्पताल वित्तीय संकट के कारण मरीजों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा देने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। कोर्ट के आदेश पर वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों का वेतन रोकने का यह कदम जवाबदेही तय करने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल है। यह मामला स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सेवा की अनदेखी से जुड़ा है। राजनेताओं के लिये नई कारों, कार्यालयों के नवीकरण का खर्च व महंगे विज्ञापन जैसे गैर आवश्यक खर्च के लिये इस धन के खर्च करने के कारण यह मामला बेहत गंभीर हो गया है। जिसके चलते अदालत ने इस दिशा में सख्त कार्रवाई की जरूरत को रेखांकित किया है। जो राज्य सरकार के लिये एक सबक भी है। यह प्रकरण बताता है कि शासन प्रशासन अपनी प्राथमिकताओं के निर्धारण में कितना संवेदनहीन बन जाता है। वह चिकित्सा सुविधाओं के लिये आवंटित धन के दुरुपयोग से भी गुरेज नहीं करता है। कैसी विडंबना है कि मरीजों को सस्ता व जरूरी उपचार सुनिश्चित करने वाली योजना के लिये आवंटित धन को विलासिता के लिये खर्च करने में गुरेज नहीं किया गया। निश्चय ही यह घटनाक्रम खराब शासन को ही दर्शाता है। वहीं सार्वजनिक कल्याण के लिये प्रशासन की प्रतिबद्धताओं से जुड़ी नैतिक चिंताओं पर भी सवालिया निशान लगाता है। ऐसे ही आर्थिक कुप्रबंधन के चलते पंजाब की वित्तीय परेशानियां लगातार बढ़ते राजकोषीय घाटे के कारण और भी बढ़ गई हैं। जिसका दबाव आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं पर पड़ रहा है। राज्य द्वारा धन का गलत तरीके से आवंटन शासन की विफलता को ही दर्शाता है। रिपोर्टें बताती हैं कि जहां राजनेताओं व नौकरशाहों को बड़े अनुदान से लाभ होता है, वहीं अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को बढ़ते कर्ज और वित्तीय संसाधनों की कमी से जूझना पड़ता है। जिसका सीधा असर रोगियों की देखभाल व सार्वजनिक स्वास्थ्य की गुणवत्ता पर पड़ता है। उच्च न्यायालय द्वारा सरकारी खर्च के संबंध में पारदर्शिता की मांग सही दिशा में उठाया गया कदम है। शासन प्रशासन को अनावश्यक विलासिता के स्थान पर स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

देश दुनीया से

# अपराध को लुभावना बनाता सोशल मीडिया

पुलिस ने इन्हें दक्षिण दिल्ली के संगम विहार, टिगरी, फतेहपुर बेरी, महरौली, नेब सराय आदि स्थानों से पकड़ा है। पुलिस ने जब इन लोगों के सोशल मीडिया प्रोफाइल्स को स्कैन किया तो पाया कि ये लोग सालों से ऐसा कर रहे हैं। इन पचास लोगों की पहचान करने के लिए पुलिस ने करीब एक हजार सोशल मीडिया अकाउंट्स खंगाले और पाया कि इनमें से कई नकली हथियारों को भी दिखाते हैं व लोगों को डराते हैं। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो पता चला कि ऐसा करके वे रोमांच महसूस करते हैं। इसके अलावा अपने इलाके में अपनी ताकत को दिखाना चाहते हैं। जो वीडियो ये पोस्ट करते हैं, उनमें ऐसे गाने भी होते हैं, जो हथियारों के प्रयोग को बढ़ा-चढ़ाकर ग्लैमराइज करते हैं।

**हमारे** यहां बड़ी संख्या में बच्चे और किशोर सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने खुलासा किया कि बहुत से किशोर सोशल मीडिया पर तरह-तरह के हथियारों के साथ फोटो डालते हैं। वे इसे अपना विशेषाधिकार भी मानते हैं। पुलिस ने ऐसे पचास सोशल मीडिया अकाउंट्स को चिन्हित किया, जिसमें अधिकतर किशोर और बच्चे हैं। इनकी उम्र बीस साल या उससे कम है। ये वीडियोज़ में खुलेआम हथियार लेकर लोगों को धमका रहे हैं। गोलियां चला रहे हैं। चाकू दिखा रहे हैं। पुलिस ने इन्हें दक्षिण दिल्ली के संगम विहार, टिगरी, फतेहपुर बेरी, महरौली, नेब सराय आदि स्थानों से पकड़ा है। पुलिस ने जब इन लोगों के सोशल मीडिया प्रोफाइल्स को स्कैन किया तो पाया कि ये लोग सालों से ऐसा कर रहे हैं। इन पचास लोगों की पहचान करने के लिए पुलिस ने करीब एक हजार सोशल मीडिया अकाउंट्स खंगाले और पाया कि इनमें से कई नकली हथियारों को भी दिखाते हैं व लोगों को डराते हैं। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो पता चला कि ऐसा करके वे रोमांच महसूस करते हैं। इसके अलावा अपने इलाके में अपनी ताकत को दिखाना चाहते हैं। जो वीडियो ये पोस्ट करते हैं, उनमें ऐसे गाने भी होते हैं, जो हथियारों के प्रयोग को बढ़ा-चढ़ाकर ग्लैमराइज करते हैं। लोगों को हथियार रखने और उनका प्रयोग करने के लिए उकसाते हैं। पुलिस के पूछने पर कइयों ने खुश होते और हंसते हुए यह भी कहा कि इससे उनके फालोअर्स भारी संख्या में बढ़ते हैं। कभी यदि इन्हें पकड़ा भी जाता है, तो इनके साथी इनके जेल जाने, अदालतों में पेशी और जेल से बाहर आने के भी वीडियो बनाते हैं। जेल से बाहर आने पर जश्न मनाने के वीडियो भी बनाए जाते हैं और उन्हें पोस्ट किया जाता है। दूसरों का अपमान करने, डराने, धमकाने, मारपीट करने के भी वीडियो पोस्ट किए जाते हैं। इनके अनुसार ऐसे वीडियो इनके इलाके में इनका प्रभाव बढ़ाते हैं। इनमें से कइयों के तीस हजार तो एक के लाखों फालोअर्स तक हैं। ऐसे वीडियो पोस्ट करने के बाद फालोअर्स की संख्या बेतहाशा बढ़ जाती है। और बहुत से युवा इनकी नकल करने की कोशिश भी करते हैं। यही नहीं, कई तो अपराध करने से पहले भी वीडियो पोस्ट करते हैं। ये अपराध हत्या करने तक के हो सकते हैं। एक युवा ने तो वीडियो में बताया कि वह यह अपराध करने जा रहा है, और कब करेगा इसकी जानकारी भी दी। यह भी कहा कि वह कब तक जेल से बाहर आ जाएगा। इन लोगों को बहुत-से कानूनों के बारे में भी पता है जैसे कि चाकू का प्रयोग करने पर आर्म्स एक्ट नहीं लग सकता। इनमें से अधिकांश वे हैं जिन्होंने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। माता-पिता ने भी इनकी कोई खास परवाह नहीं की। पुलिस इन्हें जागरूक करने का अभियान भी चला रही है। ये सब बातें कितनी भयावह लगती हैं। पुलिस ने जो कारण बताए वे भी गौर करने लायक हैं। जैसे कि इन युवाओं ने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। यानी कि इन्हें लगा कि पढ़ने-लिखने से कोई फायदा नहीं है। फिर समाज में यह भी है कि जिसके पास हथियार हैं, जो मारपीट कर सकता है, उससे लोग यूं ही डरने लगते हैं। आखिर किसे अपनी जान प्यारी नहीं है। यूं भी हमारे तमाम प्रचार माध्यम हिंसा को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। हालीवुड से लेकर बालीवुड तक बात-बात में मारपीट और हथियारों का प्रयोग मामूली बात है। हम लोग चाहे जितना अहिंसा का जाप करें, लेकिन समाज हिंसा और हिंसक व्यक्ति की पूजा करता है। जैसा कि इन लोगों ने बार-बार कहा कि वे अपने इलाके में प्रभाव बढ़ाना चाहते थे। जाहिर है कि इनकी चाहना यही थी कि लोग इनसे डरें और इनका लोहा मानें। फिर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके ये रातोरात अपने फालोअर्स भी बना लेते थे और लोकप्रियता के नशे में थे। वैसे भी हिंसा और अपराध लोगों को बहुत आकर्षित करते हैं। वे कार्यक्रम जिनमें हिंसा और सैक्स का बोलबाला होता है, रातोरात चर्चित हो जाते हैं। ऐसी फिल्में भी खूब चलती हैं। यहां तक कि ऐसी किताबें और पत्रिकाएं भी एक जमाने में रिकार्डतोड़ बिक्री करती रही हैं। व्यापार का नियम मुनाफा ही होता है, वह चाहे जैसे कमाया जाए। राजनीति भी इनसे परे नहीं है। बहुत से अपराधी जेल से ही चुनाव लड़ते हैं और जीत जाते हैं। बहुत से जीतने वालों के नाम ढेर सारे अपराध भी दर्ज हैं। हर हाल में सफलता चाहिए। सफलता मिलने के बाद कोई यह नहीं देखता कि वह कैसे मिली क्योंकि दुनिया में सफलता के ग्राहक ढेर से हैं और असफलता का कोई नहीं। इसलिए अगर ये किशोर हथियारों, अपराध और मारपीट के जरिए सफलता की सीढ़ियां चढ़ना चाहते हैं, तो यह जरूर सोचना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों है। अपराध इतना लुभावना क्यों है। दूसरी बात जो पुलिस ने बताई कि इन किशोरों को माता-पिता की देखभाल कभी नहीं मिली। हो सकता है कि माता-पिता का प्यार अगर इन्हें मिला होता, इनकी ठीक से देखभाल की गई होती, माता-पिता ने इन्हें समय दिया होता, इनकी सुनी होती तो शायद ये अपराध और हथियारों को अपना भगवान न मानते।

आप का नजरीया

# हिमाचली शक्ल-सूरत में इवेंट

**यह** तो मानना पड़ेगा कि अब हिमाचल में सांस्कृतिक नहीं, इवेंट समारोह होने लगे हैं। शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने धर्मशाला को इवेंट सिटी का डेस्टिनेशन बता दिया, तो कांगड़ा जिला में बनती पर्यटन राजधानी का प्रारूप उत्साहित करता है। वैसे सांस्कृतिक और इवेंट समारोह में अंतर इसके प्रारूप, लक्ष्य और आर्थिकी को लेकर होना चाहिए। बिडंवना यह है कि हिमाचल के समारोहों में सरकार के पांव और पांव में बंधे घुंघरु ही बताते हैं कि कुछ हो रहा है। चिंतपूर्णी महोत्सव में इवेंट की परिकल्पना को देखें तो साज पर कई चर्चित पंजाबी गायक दिखाई देते हैं यानी जो कल जालंधर-चंडीगढ़ के इवेंट में सुना, उसी महिफल से हिमाचल को आज कुछ मिल गया। दोनों में अंतर नहीं मिलेगा। थोड़ा आगे बढ़ें तो कांगड़ा कार्निवल के पंडाल में पुनः मनिंदर बुट्टर, रशमीत कौर और गजेंद्र वर्मा को दिया गया निमंत्रण, देश को धर्मशाला में बुला रहा है। ऐसे इवेंट की परिभाषा में हिमाचल का कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग का अपना 'थियेटर' है कहां। आश्चर्य यह कि न चिंतपूर्णी मंदिर व्यवस्था में इतना दम कि कोई सभागार बना दे और न ही इवेंट सिटी धर्मशाला में इतनी योग्यता कि प्रस्तावित कान्वेंशन सेंटर की नींव पर इमारत बना दे। इवेंट की शक्ल सूरत में हिमाचल होता ही कितना, बस निगाहों को एक अस्थायी मंच दिखाया जाता है। बेशक सरताज जैसे कलाकार अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान में भारत का एक नाम हैं, लेकिन इसके पीछे पंजाब की संस्कृति, सृजन का माहौल, समाज की तालियां और सांस्कृतिक संवेदना एक बड़ी वजह है। इसी तरह हिमाचल के सांस्कृतिक माहौल की परीक्षा पहले सांस्कृतिक समारोहों में होती थी, अब ऐसे इवेंट्स में भी पहाड़ी कलाकार की आरजू रोती है। ऐसे में अगर इन समारोहों को इवेंट की शक्ल देनी है, तो प्रदेश की मिट्टी को अहमियत देनी होगी। आश्चर्य होता है कि हिमाचल के साहित्यकार गले में कविता लटकाए किसी बंद कमरे की दीवारों को पाठ सुना आते हैं और पूरे महकमे के विशिष्ट ओहदेदार इसी फर्ज की हवा में उड़ान भरते रहते हैं। कला का विघटन तब होता है, जब संस्कृति को भी अपनी धरती पर पहचान का दीया जलाना पड़ता है। ठेठ हिमाचली कलाकार का ऑडिशन होता है, जैसे सैन्य भर्ती के लिए कोई युवा मैदान पर उतरता है।। साल भर विभाग अगर राज्य, जिला व उपमंडलीय स्तर की रैंकिंग में कलाकारों की पहचान करे, तो हर मंच पर कोई तो मंझा हुआ मिलेगा। क्यों नहीं हम एक राज्य स्तरीय पैनल बनाकर विभिन्न समारोहों के लिए कलाकारों का आबंटन करते। क्यों नहीं हम प्रसिद्ध मंदिरों को सांस्कृतिक केंद्रों में प्रतिष्ठित करते हैं। क्यों नहीं मसरूर, कांगड़ा दुर्ग, सुजानपुर, रामपुर बुशहर, गरली परागपुर, नग्गर, नूरपुर किला और चंबा जैसे धरोहर स्थानों व तमाम धार्मिक स्थलों को हिमाचली संगीत समारोहों का डेस्टिनेशन बनाते। प्रदेश में शिमला फिल्म फेस्टिवल के बाद, हिम फिल्मोत्सव तथा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आयोजन धर्मशाला में प्रस्तावित हैं, लेकिन क्या हम इन्हें डेस्टिनेशन पर्यटन में बदलने के लिए कुछ सोच रहे हैं।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें किया गया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर शहिद स्मारक फांसी तलाब पहुंच उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने राष्ट्रपिता को स्मरण करते हुए उनकी तस्विर में पुष्प अर्पित किया। उपायुक्त संग अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, चतरा प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिणाथ महतो समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी बापू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। वहीं शहिद स्मारक पर लगे अन्य शहीदों की तस्वीरों पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया।इसके अलावे उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए आपस में भाईचारा एवं प्रेम की भावना रखते हुए उनके दिखाए अहिंसा के राह पर चलने की बात सभी धर्मों के लोगों द्वारा कही गई। साथ हीं चतरा के इतिहास में शहीदों द्वारा दिए गए बलिदान को भी याद किया गया।इसके अलावे उपायुक्त ने कहा कि हमे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नीति एवं सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाकर उसे लागू करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आगे उन्होंने कहा जिन्होंने भी इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया है उन्हें बधाई देता हूं। गांधी जी की जयंती और धर्म सभा का आयोजन इसी को कनेक्ट करने वाला गांधी जी का जो एक लाइन है, रघुपति राघव, राजा राम, पतित पावन सीताराम, ईश्वर अल्लाह तेरहो नाम सबको सम्मति दे भगवान। तो इस अवसर पे सभी लोगों को सत्य के राह पर अहिंसा के राह पर दूसरों के कल्याण के लिए जो त्याग करना होता है परिश्रम करना होता है उस राह पर चलने की सम्मति भगवान सभी को दें। यही प्रार्थना आज के सर्वधर्म सभा के माध्यम से करता हूं।

# प्रखंड में मनाया गया लाल बहादुर शास्त्री व गांधी जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड मुख्यालय में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाया गया। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। यह दिन महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी है। स्कूलों, कॉलेजों, ब्लॉक और सार्वजनिक स्थलों पर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की श्रद्धांजलि अर्पित की गई, सफाई अभियान चलाए गए, और गांधी जी के विचारों पर चर्चा की गई। लाल बहादुर शास्त्री एक महान नेता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री थे। उनके विचारों में सत्य, अहिंसा, और राष्ट्रीय एकता पर जोर था। उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया, जो किसानों और सैनिकों की महत्ता को उजागर करता है। उनका मानना था कि देश की प्रगति के लिए सभी नागरिकों को मिलकर काम करना चाहिए और स्वावलंबन पर जोर दिया। वे सरल जीवन और उच्च विचारों के पक्षधर थे, उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए आवाज उठाई। शास्त्री की नीति और दृष्टिकोण ने भारतीय राजनीति और समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। इस तरह से कई देशभक्त गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी को बताया और उनके विचारों को बताया इस कार्यक्रम में प्रमुख मनीषा कुमारी मुखिया राधिका देवी पंचायत सचिव श्वेता कुमारी, सत्येंद्र कुमार, बबलू कुमार, संजय दांगी के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

## प्रीमीयर अकैडमी परिसर में मनाया गया महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को प्रीमियर अकादमी प्रतापपुर मे महात्मा गाँधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यालय के निर्देशक शाहनवाज खान एवं शिक्षकों और बच्चों ने महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर फूलो की माला देकर उन्हें नमन करके जयंती मनाई। इस अवसर पर दोनों के जीवन संघर्ष एवं देश के प्रति उनके योगदान की चर्चा करते हुए विद्यालय प्रवंधक शाहनवाज़ खान ने कहा कि देश के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा हमें उनसे सीखनी चाहिए। गाँधी जी की आत्मकथा सत्य के प्रयोग की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी जीवनी हमें एक अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा देती है। शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी, और आत्मविश्वास से हम सभी लोगो को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार को रखें। मौके पर विद्यालय में मृत्युंजय शर्मा के के यादव अजय कुमार, सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## 19 वर्षीय विवाहिता सोनी कुमारी को फांसी लगाकर मारने का ससुराल वालों पर माइका वालों ने लगाया आरोप, दो आरोपी जेल



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के मेराल पंचायत अंतर्गत चिटूवा ग्राम निवासी सोमा मुंडा के 19 वर्षीय पत्नी सोनी कुमारी को फांसी लगने से हुवी मौत। पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि मृतिका सोनी कुमारी के मां के द्वारा पत्थलगड़ा थाना में 01 अक्टूबर को लिखित शिकायतें में बताया गया था कि हमारी पुत्री सोनी कुमारी के ससुराल वालों के द्वारा दहेज के लिए बराबर मानसिक प्रताड़ना किया जा रहा था। जिससे तंग आकर सोनी कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतिका के मां के लिखित शिकायत पर पत्थलगड़ा थाना में कांड दर्ज कर लिया गया और अनुसंधान करते हुवे मृतिका सोनी कुमारी के पति सोमा मुंड़ा और भाई चम्पा संगा पिता लोदरो मुंडा को गिरफ्तार कर न्यायालय के हिरासत में भेज दिया गया है।

# वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों से सशक्त होगा गांव सक्षम पंचायत, विकसित भारत की दिशा में एक और कदम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती और भारत गणराज्य की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर, 2024 को धनखेरी में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाँव के वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, और उन्हें सम्मानित भी किया गया। ग्राम सभा का उद्देश्य सक्षम पंचायत, विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए गाँव के विकास और सशक्तिकरण के लिए वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों और विचारों को प्राथमिकता देना था। इस मौके पर पंचायत के बुजुर्गों ने गाँव के विभिन्न हिस्सों में पौधे लगाए। इस पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य यह संदेश देना था कि जिन पंचायतों में हरियाली होगी, वहाँ विकास और समृद्धि के कदम तेज़ी से बढ़ेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिकों ने कहा, हर पंचायत में पौधों की छांव, तभी बनेगा समृद्ध गांव। ग्राम सभा में पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो राकेश पाण्डेय और संस्था के कार्यकर्म समन्वयक अमृता प्रजापति ने भी हिस्सा लिया। इन अधिकारियों ने 500 से अधिक ग्राम पंचायतों में सरपंचों के साथ मिलकर विकासात्मक कार्यों में सहयोग किया है। ग्राम पंचायत धनखेरी के सरपंच रीना देवी ने इस विशेष सभा की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने संबोधन में गाँव के वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गाँव के बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनके अनुभवों से हम भविष्य की योजनाओं को सही दिशा में ले जा सकते हैं। उनके विचार हमारे गाँव के विकास की योजनाओं में नई दृष्टि प्रदान करेंगे। ग्राम सभा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों से उनके जीवन के अनुभवों और गाँव में आए बदलावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत उपभोक्ताओं के बीच बंटा बिजली बिल माफ़ी प्रमाण पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी तोहफ़ा दी है।मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत 200 यूनिट से कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं के बकाया घरेलू बिजली बिल सरकार ने माफ कर दी है।इसे लेकर बुधवार को सुपरवाइजर पिंटू सिंह ने ÷मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना÷ के तहत प्रखंड के लगभग दो दर्जन बिजली उपभोक्ताओं के बीच बिजली माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रखंड में घर-घर जाकर बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण किया गया।उन्होंने बताया की झारखंड सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में अगस्त माह 2024 तक के बकाया बिजली बिल माफ कर दिया गया है।जिसके तहत बिजली उपभोक्ता राधेश्याम गुप्ता का 14000, जानकी प्रसाद गुप्ता 12000, कृष्णा कुमार गुप्ता का 10000 रूपये, लहेश प्रसाद सिन्हा, अजीत कुमार मिश्रा समेत लगभग 2 दर्जन उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफ़ी का प्रमाण पत्र बांटा गया। जिसे झारखंड सरकार के ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफ कर दिया गया। बिजली माफी का प्रमाण पत्र पाते ही उपभोक्ताओं में हर्ष का माहौल है तथा उनलोगों ने झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया है।इस प्रमाण पत्र वितरण के मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू, ऊर्जा मित्र मनीष कुमार, प्रगुण कुमार, जाहिद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## गांधी जयंती के अवसर पर आम्रपाली में आयोजित किए गए कई कार्यक्रम



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के आम्रपाली, चन्द्रगुप्त कोल परियोजना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के जन्म दिन के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए परियोजना क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह नें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका देश के प्रति योगदान को याद किया। इसके बाद स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत आम्रपाली परियोजना में विभिन्न सफाई कर्मियों का स्वास्थ जांच कर दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया। इसके अलावा सभी सफाई कर्मियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत महाप्रबंधक श्री सिंह के द्वारा तीस सफाई कर्मियों को जूता और टी-शर्ट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी मोहम्मद अकरम, के के पांडा, अनूप भगत, रामानंद पंडित सुमित कुमार सिन्हा के साथ साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीएस कॉलेज लातेहार के तत्वाधान में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत दो अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। सर्वप्रथम अमर शहीद वीरेंद्र शर्मा जी के प्रतिमा के आसपास साफ सफाई एवं प्रतिमा का सफाई कर माल्यार्पण किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा, उपस्थित पूर्व वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता एवं कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद उपस्थित होकर सहयोग एवं प्रेरणा दिया। तत्पश्चात लातेहार रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या एक में स्वयंसेवकों के द्वारा एवं नवल किशोर प्रसाद एवं मनोज गुप्ता के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया इस क्रम में लगभग 35 किलो प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर उसका निपटान किया गया इस अवसर पर लातेहार रेलवे स्टेशन के प्रबंधक बलवंत सिंह उपस्थित होकर सभी को हार्दिक बधाई देते हुए प्रेरणा देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के टीम के द्वारा आज का कार्यक्रम प्रेरणादायक रहा।

# उपायुक्त ने राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने जीवन भर निश्वार्थ भाव से देश की सेवा की। आगे उन्होने जिलेवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों और उनके आदर्शों को अपने जीवन में स्मरण करते हुए उनके बताये मार्गों व आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा राष्ट्रनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। मौके पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत अन्त पदाधिकारीगण के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

# वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है : रेंजर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारू :** गांधी जयंती के अवसर पर पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पूर्वी वन क्षेत्र में वन विभाग के वन कर्मियों और स्कूली बच्चों ने मिलकर बाघ संरक्षण के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य बाघ और वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गारू और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गारू के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी आवाज बुलंद की। रैली की शुरुआत गारू पूर्वी वन परिसर से हुई, जो बाजार और देवी मंडप से गुजरते हुए पुनः वन परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान स्कूली बच्चों ने 'बाघ वनों की शान है, इन्हें बचाना हमारा काम है', 'बाघ है तो जंगल है, जंगल है तो जीवन है' जैसे नारे लगाए। बच्चों ने बाघ संरक्षण के संदेश देते हुए हाथों में पोस्टर और बैनर थाम रखे थे, जिनमें पर्यावरण और वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता के संदेश लिखे हुए थे। रैली के समापन के मौके पर गारू पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे ने कहा, वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा हम सभी का कर्तव्य है। जंगलों का संरक्षण करके हम शुद्ध पर्यावरण और बेहतर जीवन सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि बाघों की घटती संख्या चिंता का विषय है, और हमें उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## अभाविप मनिका ने चलाया स्वच्छता अभियान




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के मनिका नगर इकाई के नगर मंत्री विनोद सिंह के नेतृत्व में अनुसूचित जनजाति छात्रावास मनिका में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर मंत्री विनोद सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही जीवन है अगर हम अच्छे से स्वच्छ रहेंगे तो मेरा शरीर भी स्वस्थ होगा और वातावरण भी स्वच्छ रहेगा। नगर सह मंत्री संदीप उरांव ने कहा कि हम सभी छात्र को यह संकल्प लेना चाहिए कि कोई भी कचरा खुले जगह ना फेकें और प्लास्टिक का उपयोग न करें। स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से टीएसभीपी संयोजक एसएफडी संयोजक एसएफएस संयोजक एवं नगर कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मनाया गया गांधी व शास्त्री जयंती, चलाया गया सफाई अभियान



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर मे गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इसके तहत अंचल सह प्रखण्ड कार्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र मे प्रखंड व अंचल कर्मीयों ने साफ सफाई की, बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने आस पास के लोगों को सफाई रखने के प्रति प्रेरित किया। लोगों ने भी उनका अनुकरण किया।सफाई अभियान के पश्चात प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जन्यंति मनाया गया।इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम अंचल निरीक्षक अनिल होरो सहित उपस्थित सभी प्रखंड सह अंचल कर्मीयों ने महात्मा गाँधी के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनको नमण किया। बीडीओ सह सीओ राम ने कहा कि महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री दोनों त्याग व तपश्या के प्रतिमूर्ति थे। मौके पर अंचल नाजिर अजय मुंडा, वीएलडब्लू प्रकाश कुमार, ब्लाक कोर्डिनेटर पंकज कुमार, शशि कुजुर, आलोक दुबे सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद रहे।

# तपेश्वर मिस्त्री भूमि प्रकरण ने पकड़ा तूल, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने लिया संज्ञान

**कहा, भूमि खरीद बिक्री पर हुआ धन-बल का इस्तेमाल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत बेतला का स्व तपेश्वर मिस्त्री भूमि प्रकरण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है जिसे लेकर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह बुधवार को राजेश्वर मिस्त्री के घर बेतला पहुंचे।इस दौरान पीड़ित परिवार से मुलाकात करते स्व तपेश्वर मिस्त्री भूमि प्रकरण दस्तावेज से संबंधित जानकारी ली। वहीं पीड़ित परिवार ने पूर्व विधायक से जमीन बचाने की गुहार लगाते हुए बताया कि हमारे खरीद भूमि लगभग तीन एकड़ जिसका दखल कब्जा हमारा है पर हाल सर्वे के तहत राजदेव विश्वकर्मा पिता कृष्णा मिस्त्री के नाम भूमि का आधा हिस्सा रजिस्ट्री कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जब रजिस्ट्री की जानकारी हमें मिली तो हमने उक्त रजिस्ट्री के म्यूटेशन पर रोक लगाने संबंधी अंचल को आपत्ति दर्ज कराई फिर जल्दबाजी दिखाते हुए भूमि का म्यूटेशन कर दिया गया जबकि सीएस के सभी दस्तावेज हमारे नाम है।मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि त्रुटिपूर्ण सर्वे पर इस तरह कार्रवाई बहुत ही शर्मनाक है ,हाल सर्वे के आधार पर गरीबों की जमीन लुटी जा रही है ऐसे कई मामले हैं जहां सरकारी भूमि व गरीबों की जमीन पर कब्जा जमा कर उन्हें बेदखल किया गया है।सीएनटी एक्ट की धज्जियां उड़ाई गई है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिले के त्रुटिपूर्ण सर्वे का मिनी सर्वे कराया जाना पर यह गठबंधन की सरकार पुरे कार्यकाल में आंख बंद दी और मिनी सर्वे नहीं हुआ जिसका खामियाजा रैयत भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक को मामले की जानकारी होते हुए भी चुप्पी साधे हुए इसका मतलब है कि कहीं न कहीं भूमि माफिया पर निगहबानी है उन्हें उनका संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि ऐसे पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए। कहा अगामी विधानसभा चुनाव हम जीतकर वापस आते हैं हमारी सरकार आती है तो संलिप्त पदाधिकारियों और भूमि माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

# वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों से सशक्त होगा गांव, सक्षम पंचायत, विकसित भारत की दिशा में एक और कदम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोहर, हामी व रेंगाई पंचायत में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती और भारत गणराज्य की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर, 2024 को सोहर में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाँव के वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, और उन्हें सम्मानित किया गया। ग्राम सभा का उद्देश्य सक्षम पंचायत, विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए गाँव के विकास और सशक्तिकरण के लिए वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों और विचारों को प्राथमिकता देना था। इस मौके पर पंचायत के बुजुर्गों ने गाँव के विभिन्न हिस्सों में पौधे लगाए। इस पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य यह संदेश देना था कि जिन पंचायतों में हरियाली होगी, वहाँ विकास और समृद्धि के कदम तेज़ी से बढ़ेंगे।ग्राम सभा में पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो और संस्था के अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इन अधिकारियों ने पांच सौ से अधिक ग्राम पंचायतों में सरपंचों के साथ मिलकर विकासात्मक कार्यों में सहयोग किया है। ग्राम पंचायत सोहर के मुखिया मगदली टोप्पो ने इस विशेष सभा की अध्यक्षता की। मुखिया टोप्पो ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की कहानियाँ और अनुभव गाँव के युवाओं को प्रेरित करेंगे और उनके योगदान से गाँव का विकास अधिक सशक्त होगा।लाखो कवर और टीना टोप्पो ने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए कहा कि मेरे बचपन में गाँव की स्थिति बहुत अलग थी। तब न पक्की सड़कें थीं, न पानी की उचित व्यवस्था थी। लेकिन आज गाँव की तस्वीर पूरी तरह से बदल चुकी है।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**गारू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बारेसांढ़ थाना परिसर में बुधवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अजीत कुमार की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान उन्होंने दुर्गा पूजा के दौरान दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से पूजा के दौरान मंदिरों जुटने वाली भीड़ समेत विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश के बारे में जानकारी दी गयी। मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखें। समिति कार्यकर्ताओं को भी शांति बनाए रखने के लिए सक्रिय रखें। पूजा के दौरान पुलिस पूर्णतः सक्रिय रहेगी। पूजा स्थलों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। थाना टीम निरंतर गश्त कर सभी प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखेगी। उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान साई क्लब के सदस्य एवं जय भवानी संघ के अध्यक्ष सदस्य एवं ग्रामीण चन्दन प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, विश्वनाथ यादव, रंजीत कुमार, आदर्श कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## भाजपा के परिवर्तन रैली के समापन समारोह में पहुंचे नरेंद्र मोदी, उमड़ा जन सैलाब

# झारखंड की बदल रही है डेमोग्राफी : नरेंद्र मोदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाँधी मैदान मे भाजपा के द्वारा आयोजित परिवर्तन रैली समापन समारोह मे झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर बरसे. उन्होंने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए झारखंड का डेमोग्राफी बदल कर नया वोट बैंक तैयार किया जा रहा है. झारखंड को बलि चढ़ाकर वोट बैंक का खेल चल रहा है. इनका ये खेल कितना खतरनाक है इसका जीता जागता उदाहरण संताल परगना है. उन्होंने आगे कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा पहले जैसी नहीं रही. अब वह कांग्रेस और राजद के रंग में रंग गयी है. युवाओं का हक मारा जा रहा है और लाखों रुपए में पेपर बेचे जा रहे हैं. राज्य सरकार के संरक्षण में पेपर लीक गिरोह काम कर रहा है. गाँधी मैदान में बुधवार को भाजपा की परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड के मौजूदा सरकार पर तीखा हमला किया. इससे पहले हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 80000 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। उसके बाद सड़क मार्ग से होते हुए मटवारी गांधी मैदान पहुंचे इस दौरान विनोबा भावे विश्वविद्यालय से लेकर गांधी मैदान तक सड़क के दोनों को लोग नरेंद्र मोदी की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े । जब



नरेंद्र मोदी का काफिला विनोबा भावे विश्वविद्यालय से निकालकर गांधी मैदान की ओर बढ़ रहा था तो उस वक्त लोग सड़क के दोनों किनारे से नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। यहां पहुंचने के उपरांत उन्होंने सभा को संबोधित किया उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में चल रहा पेपर लीक गिरोह. अब , झामुमो भी कांग्रेस और के रंग में रंग गयी है. ये वो पुरानी झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं है. आज कांग्रेस के इकोसिस्टम ने, झारखंड मुक्ति मोर्चा पर कब्जा कर लिया है. आज झामुमो पर कांग्रेस का भूत सवार है. भाषा बदली, चरित्र बदला और अब ये झारखंड की आत्मा को ही बदलने चले हैं. झामुमो और कांग्रेसवाले झारखंड में घोटाले पर घोटाले कर रहे हैं. प्रदेश सरकार के संरक्षण में यहां पेपरलीक कराने वाले गिरोह चल रहे हैं. लाखों रुपए में एक-एक पेपर बेचकर यहां के युवाओं का हक मारा जा रहा है. करोड़ों-करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं और ये पैसा उनके मालिकों तक ऊपर तक जाता है. ये पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है.

**ट्रांसफर-पोस्टिंग और वोट बैंक के जरिए साधा निशाना**

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दो हफ्ते में झारखंड में हजारों ट्रांसफर हुए हैं. ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग. इनका बहुत बड़ा उद्योग है. इसके बहाने जेएमएम ने करोड़ों रुपए बनाए हैं. इन्होंने कभी भी आदिवासियों को आगे नहीं बढ़ने दिया है. इसलिए सत्ता में बने रहने के लिए ये लोग झारखंड में एक नया वोट बैंक तैयार कर रहे हैं. झारखंड को बलि चढ़ाकर वोट बैंक का खेल चल रहा है. इनका ये खेल कितना खतरनाक है. संताल परगना इसका जीता-जागता सबूत है.

**बीजेपी की सरकार रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा करेगी सुनिश्चित**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवर्तन महासभा में हुंकार भरते हुए कहा कि वे गारंटी देते हैं कि झारखंड में जब बीजेपी की सरकार बनेगी, झारखंड में जब एनडीए की सरकार बनेगी तो रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा सुनिश्चित कर दी जाएगी.

## नरेंद्र मोदी का डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक में बाबा साहेब के प्रतिमा को अनदेखा करना निंदनीय : डॉ मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हजारीबाग आगमन एवं जनजातीय संवाद कार्यक्रम पर कांग्रेस नेता एवं सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जनजातीय संवाद कार्यक्रम पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था जिस प्रकार से हजारीबाग जिला के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अनदेखा व अनादर करते हुए उनका सीधे सभा स्थल मटवारी कि ओर चले जाने से हजारीबाग की जनता विशेष कर दलित समाज के लोग अपने आप को काफी अपमानित महसूस कर रही है। उनके इस रवैया से जनता में काफी आक्रोश है! वरिष्ठ एडवोकेट संजय रविदास ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दर्जनों बार जनजातीय शब्द का इस्तेमाल किया परंतु उन्होंने यह नहीं बतलाया की जनजातीय समुदाय के आरक्षण को उनके पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 15त्न आरक्षण से घटकर 12त्न क्यों किया इस संदर्भ में भी जनजातीय संवाद कार्यक्रम में उन्हें अपने प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी । साजिद अली खान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ चुनावी वर्ष में



हजारीबाग एवं झारखंड आते हैं और मात्र घोषणा करते है परंतु यह नहीं बदलते की झारखंड झारखंड की जनता का एक लाख छतीस हजार करोड रुपए जो बकाया है वह कब देंगे। बाबा साहेब का अनदेखी करने पर डॉक्टर आरसी मेहता के नेतृत्व में मुख्य रूप से साजिद अली खान एडवोकेट संजय रविदास अजय पासवान केशव रविदास नंदू प्रसाद डॉ भुनेश्वर महतो वीरेंद्र मेहता राकेश गुप्ता टिंकू मेहता देवनंदन प्रसाद शंकर महतो इत्यादि के लोगों ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## धूम- धाम से मनाई गई गांधी व शस्त्री की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू प्रखंड अंतर्गत इरगा पंचायत भवन में मुखिया अनिता देवी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 02अक्टुबर 2024 दिन बुधवार को बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने बताया कि शांति, आहिंसा और सद्भावना का मार्ग दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व जय जवान जय किसान का नारा देने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर नमन किया। इस मौके पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मोके पर सुजीत कुमार, मनीष कुमार , मनोरंजन कुमार, अनिल कुमार एंव सेकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## बड़कागांव नटराज नगर वासियों के लिए बेहतर सड़क सुविधा होगी उपलब्ध : अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के नटराज नगर में बड़कागांव डेली मार्केट से हुरलंगबागी तक बनने वाली पीसीसी पथ का विधायक अंबा प्रसाद ने मंगलवार देर शाम नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। सड़क का निर्माण डीएमएफटी मद से अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर हो रही है। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि नटराज नगर वासियों के लिए अब बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। इस सड़क को बनाने की मांग लंबे समय से ग्रामीण करते आ रहे थे। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल माला से स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विषेश्वरनाथ चौबे, पंचायत अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, पवन महतो, नरेंद्र कुमार, अजीत कुमार, अरविंद मालाकार, रवि कुमार, हरि महतो, रोहित सिंह, चंदन कुमार, गौतम वर्मा, सागर रविदास आदि सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

## 203 कोबरा ने स्वच्छता ही सेवा अभियान चला कर लोगों को किया जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** 203 कोबरा वाहिनी भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 14 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक चलाया गया। उसी संदर्भ में बुधवार को गाँधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छ भारत की कल्पना को साकार करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते कोबरा वाहिनी कमांडेट पवन कुमार सिंह के निर्देशानुसार द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार एवं गंगवाने कैलाश संभा के नेतृत्व में बरही चौक में स्वच्छता एंव जागरूकता अभियान चलाया गया । उक्त अभियान में कोबरा वाहिनी के लगभग 100 जवानों के साथ डीएवी विद्यालय बरही के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के लगभग 150 छात्रों ने भी बढ-चढ कर हिस्सा लिया। उक्त विद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने भी कोबरा कमांडोज से प्रेरित होकर कंधे से कन्धा मिलाकर स्वच्छता एंव जागरूकता अभियान में सहभागीदारी दिखाया। आज के सफाई कार्यक्रम में कोबरा के अधिकारी, कमांडोज एंव डीएवी विद्यालय के शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स व अन्य छात्रों ने अभियान का प्रारंभ बरही बाईपास से सदर अस्पताल तक एक साथ दौड़ लगा कर तथा सदर



अस्पताल से बरही चौक तक पैदल मार्च करते हुए लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का सन्देश दिया। इसके उपरान्त सभी ने बरही चौक एवं आस-पास के इलाके में स्वच्छता अभियान के तहत एक साथ मिलकर साफ सफाई किया और इस अभियान को सफल बनाया। इस अभियान को सफल बनाने में कोबरा वाहिनी के अधिकारीगण सहायक कमांडेंट में संजय चौहान, अमित पाण्डेय सहित अन्य अधिनस्थ अधिकारी तथा सभी कमांडोज के साथ-साथ डीएवी विद्यालय के नरसिंह शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार व इंद्रदेव यादव ने भी बढ चढ कर हिस्सा लिया। दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता रहे छात्रों को कोबरा वाहिनी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कोबरा वाहिनी एंव डीएवी विद्यालय के स्वच्छता अभियान एंव स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का इस मुहीम को बरही वासियों ने ह्रदय से प्रशंसा की हैं ।

## बड़कागांव सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में मनाई गई गांधी व शास्त्री जी की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय एवं संस्थाओं के अलावा चेपाकला, सीकरी, सांढ़, बड़कागांव पश्चिमी, मध्य एवं पूर्वी पंचायत, कांडतरी, नया टांड, हरली, बादम, गोंदलपुरा, नापोखुर्द, चंदौल, मंहुगाई कला सहित अन्य पंचायत सचिवालय में मुखिया के नेतृत्व में शांति, आहिंसा और सद्भावना का मार्ग दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व जय जवान जय किसान का नारा देने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर नमन किया। इस मौके पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, पंचायत सेवक अलका कुमारी, उप मुखिया हेवन्ति देवी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, जलसहिया नेहा कुमारी, पूनम कुमारी, गिन्नी वर्मा, रेखा कुमारी, वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कुशवाहा खेल मैदान में शहीद सुनील प्रसाद फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता आज से



**बड़कागाँव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुशवाहा खेल मैदान शिवाडीह में शहीद सुनील प्रसाद फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से किया जाएगा। कुशवाहा समाज शिवाडीह के ग्राम अध्यक्ष खिरोधर प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 3 अक्टूबर से होगा एवं फाइनल मुकाबला 10 अक्टूबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट की मुख्य अतिथि बड़कागाँव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद होंगी। प्रतियोगिता की सफल तैयारी को लेकर ग्राम अध्यक्षखिरोधर प्रसाद, सचिव वास्तव प्रसाद दांगी, कोषाध्यक्ष मुकुल देव प्रसाद, खेल मंत्री टेकलाल प्रसाद, मुख्यमंत्री अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष भानु प्रसाद त्रिदेव , उपसचिव शुकूल देव प्रसाद , सांस्कृतिक मंत्री धनुषधारी महतो, उप संस्कृत मंत्री चंदन कुमार, नागेश्वर प्रसाद दांगी, दिलीप कुमार, रोमल प्रसाद कुशवाहा, रंजीत कुमार, पवन कुमार सहित दर्जनों ग्राम सदस्य के द्वारा तैयारी जोर शोर से की गई है। उक्त आशय की जानकारी विक्की कुमार, पंचम कुमार एवं कार्तिक कुमार ने दी है।

## बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में किया गया भर्ती



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद का अचानक तबीयत खराब होने से अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जाता है कि गांधी जयंती के अवसर पर गांधी स्मारक समिति पीटीपीएस में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए पतरातु पहुंची थी। इसके बाद विभिन्न विकास योजनाओं के शिलान्यास उद्घाटन के क्रम में तबीयत बहुत खराब हो गई, इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। फिलहाल विधायक अंबा प्रसाद चिकित्सकों के देखरेख में अस्पताल में है। चिकित्सकों ने बताया कि अत्यधिक थकान एवं शरीर को आराम नहीं देने के कारण तबीयत में गिरावट आई है जिसके बाद सलाइन एवं अन्य उपचार दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि लगातार क्षेत्र भ्रमण एवं 24 घंटे क्षेत्र में बने रहने के कारण विधायक अंबा प्रसाद सुर्खियों में रहती हैं। विधायक अंबा प्रसाद के दिनचर्या अहले सुबह से शुरू होती है जहां आवास में आए लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बाद देर रात तक क्षेत्र में बनी रहती हैं।

## महात्मा का साक्षात रूप थे राष्ट्रपिता : निसार खान

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती अहिंसा दिवस के रूप में तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने राष्ट्रपिता के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा और प्रेम का आधार लेकर अंग्रेजी सत्ता से जुझने वाले इस संत पुरुष से अंग्रेजी सत्ता भी कांपती थी । जनता के बीच रहकर सादा जीवन, उच्च विचार का आदर्श उन्होंने कायम किया । मृत्यु के बाद भी, अपने कीर्ति के बल पर, वे आज भी अमर हैं । प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा कि छोटी मूर्ति पर महान कीर्ति इस शब्दों में जिनके 18 माह के प्रधानमंत्रित्व काल का वर्णन किया जाता है, वे लाल बहादुर शास्त्री 1965 के भारत-पाक युद्ध के कारण सदैव स्मरण में रहेंगे । मौके पर उपाध्यक्ष मकसूद आलम, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रवि शंकर वर्मा, चन्द्र शेखर मिश्रा, नरेश गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, रेणु कुमारी, मिथिलेश दुबे, राजू चौरसिया, सुनिल अग्रवाल, गुड्डू सिंह, साजिद अली खान, चन्द्र शेखर आजाद, बहादुर सागर, निसार अहमद भोला, दिनेश मेहता, राम कुमार पटेल, आशिफ रजा, अजय प्रजापति, बाबर अंसारी, मो. रब्बानी, अर्जुन सिंह, परवेज अहमद, विजय सिंह अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## केरेडारी के बुंडू मे आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** प्रखंड क्षेत्र के बुंडू में आजसु पार्टी का मिलन समारोह आयोजित की गई! कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसु पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी शामिल हुए ! इस अवसर पर गणेश बंसल रोहित तूरी मंजू देवी ईश्वर राम के नेतृत्व में सैकड़ो महिला पुरुष कांग्रेस और जेएमएम को छोड़कर रोशन लाल चौधरी से प्रभावित होकर आजसू पार्टी का दामन थामा! सभी नए सदस्यों को रौशन लाल चौधरी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर आजसू पार्टी में विधिवत शामिल कराया! इससे पहले कार्यकर्ताओं के द्वारा रोशन लाल चौधरी को जोरदार तरीके से स्वागत किया गया ! आजसू पार्टी में शामिल हुए गणेश बंसल ने कहा की मैं कांग्रेस का सच्चा सिपाही था परंतु 15 साल तक एक ही परिवार के विधायक होने के बावजूद क्षेत्र में किसी तरह का कोई विकास नहीं हुवा! रोशन भैया चुनाव हारने का बावजूद हमेशा क्षेत्र में लोगों के सुख दुःख में शामिल होते है इससे प्रभावित होकर मै आजसू मे शामिल होने का निर्णय लिया हूं! कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए रौशन लाल चौधरी ने कहा कि आज जिन लोगो ने मेरे ऊपर विश्वास करके पार्टी में शामिल हुआ है उनका विश्वास को टूटने नहीं देगें! नए सदस्यो को मान सम्मान में कमी रहने नही देगें! आगे कहा की बुंडू की जनता ने हमेशा हमें सम्मान दिया है! जो लोग आज पार्टी में शामिल हुए है निश्चित रूप से आजसू पार्टी का संगठन मजबूत हुआ है ! शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गणेश बंसल, रोहित तूरी मंजू देवी ,ईश्वर राम, प्रमोद यादव , सीटन तुरी गजेंद्र तूरी राजेश गंझू गणेश महतो कृष्णा साव सुरेश राम सरिता देवी सावित्री देवी सरस्वती देवी अंजू देवी सूरज तूरी पंकज राम दीपक करमाली चरका करमाली नारायण मुंडा भुवनेश्वर तूरी रमेश करमाली सुरेश राम बालेश्वर तुरी करीमन तूरी झूबर तूरी पवन तूरी सुचिता देवी जामुनी देवी फूलमनी देवी पनवा देवी संगीता देवी उगनी देवी किरण कुमारी सुनीता मुंडा अनीता देवी बिना मुंडा बसंती देवी रुक्मिणी देवी पार्वती देवी मुनिता देवी शांति देवी अंजू देवी उर्मिला देवी देवंती देवी गीता देवी पूनम देवी पदमा देवी जामुनी देवी समेत अन्य का नाम शामिल हैं! इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य लीलाधन साव जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल प्रखंड सचिव मोहन कुमार प्रखंड उपाध्यक्ष मदन साव प्रखंड सह सचिव विनोद गंझु बुंडू पंचायत अध्यक्ष दीपक कुमार साहू पाताल पंचायत अध्यक्ष मुकेश मुंडा रमेश महतो काशीनाथ महतो उपेंद्र यादव रोहित यादव मुकेश साव शिवम साहू ,सुरेंद्र साव जागेश्वर साव रंजीत यादव मुकुल महतो चंदन कुमार नारायण मुंडा धनेश्वर तूरी राहुल यादव सरवन कुमार सहित भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## लोयोला विद्यालय के द्वारा चलाया गया स्वच्छ चरही, स्वस्थ चरही अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चरही :** स्वच्छ भारत अभियान एक स्वच्छता अभियान है जिसे महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने का सम्मान करने के लिए शुरू किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य स्कूलों और उनके आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देना है। लोयोला विद्यालय ने स्वच्छ चरही स्वस्थ चरही अभियान कार्यक्रम के तहत एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता और इसके लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। छात्रों ने स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर बनाए। छात्रों ने नाटक प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने दिखाया कि कैसे कचरा मनुष्यों के लिए हानिकारक हो सकता है और स्वच्छता के महत्व के बारे में भाषण दिए। स्कूल के शिक्षकों ने भी भाषण में भाग लिया, जिसमें उन्होंने सफाईकर्मियों के महत्व को स्वीकार किया और छात्रों से स्कूल परिसर में सफाई बनाए रखने में उनकी मदद करने के लिए कहा। हम सभी ने अपने घर, इलाके और शहर को साफ रखने की शपथ ली। इस कार्यक्रम के तहत सभी हाउस के प्रीफेक्ट स्थानीय दुकानों और घर से कचरा इकट्ठा करके अपने कर्तव्यों के अनुसार सफाई बनाए रखते हैं। यहां तक कि शिक्षक भी इस अभियान का अनिवार्य हिस्सा हैं। इस स्वच्छता अभियान के एक हिस्से के रूप में, छात्र उन पर लिखे विचारशील नारे के साथ तख्तियां लेकर पूरे स्कूल का नेतृत्व करते हैं। इस यात्रा को शुरू करने के बाद हमारे प्रख्यात प्रबंध निदेशक ने छात्रों को स्वच्छता के महत्व को दोहराते हुए प्रोत्साहित किया। स्कूल के प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे जल्द ही अगला अभियान शुरू करेंगे और चरही को बेहतर शिक्षा देंगे।

## 30 वर्षीय युवक की ब्रेन हेमरेज के कारण मौत, गांव में शोक की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत नापो खुर्द निवासी 30 वर्षीय दशरथ राणा की मृत्यु रांची स्थित रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। मंगलवार को अचानक दशरथ राणा की तबियत बिगड़ गई। अचानक हाथ पैर काम करना बंद कर दिया और आवाज भी बंद हो गई, आनन फानन में इलाज के लिए रांची ले जाया गया। इलाज के दौरान दशरथ की मृत्यु हो गई। मृत्यु का कारण ब्रेन हेमरेज बताया गया। दशरथ की मृत्यु खबर गांव में फैलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दशरथ अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया। दशरथ की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में मुखिया गणेश साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, सनी गुप्ता, किशन राणा, धनेश्वर राणा, रामनाथ राणा, रामकुमार राणा, लालमोहन राणा, दिनेश राणा, फागुन राणा सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

## शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे विधायक, मृतक के जनाजे में हजारों लोगों ने किया शिरकत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के रसोइया धमना पंचायत ग्राम छोटकी बरही निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस पार्टी बरही के मिडिया प्रभारी तौकीर रज़ा की पुत्री संजिदा प्रवीण का आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों का रो रो कर बहुत बुरा हाल है। जिस कारण बरही सहित आस पास के क्षेत्र में शोक है। इसकी सूचना मिलते ही बरही विधायक उमाशंकर अकेला उनके आवास पहुंचे और शोक व्यक्त किया, इसके साथ ही परिजनों को ढाढस बंधाया। मृतिका का शव रसोइया धमना कब्रिस्तान ले जाया गया, जहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और जनाजे की नमाज़ में शिरकत किया।जनाजे की नमाज़ मौलाना इस्लाम कादरी सहाब ने पढाई। जिसके बाद शव को सुपुर्दे खाक किया गया। मौके पर इमाम मुक्ति शदाब रजा, मौलाना रुस्तम मिशबाही, मौलाना मो. मुमताज



सक्काफी, हाफिज मोजाहिद हुसैन, अल्पसख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम, उपाध्यक्ष नाकिब ख़ान, 20सूत्री अध्यक्ष इक़बाल रजा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ. निज़ाम उद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, पत्रकार इस्लाम जावेद, कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग प्रतिनिधि रिज़वान अली, पंसस मो तैयब, सदर मो खलील, अब्दुल रज्जाक, डॉ. राजउद्दीन, पप्पु ख़ान, जमीरुद्दीन, अब्दुल गनी, मो तस्लीम, मो सेराज, मो अख़्तर, युसुफ अंसारी, मुखिया अशगर अंसारी, खुर्शीद आलम, इमामुद्दीन, मो मुख्तार, मो तबरेज , दानिश आलम, मो अताउल, मो शमशाद, मो शफीक, मो नाजिर, मो मजहर, मो सरफराज, मो इम्तियाज, मो सेराज, मो शमशेर, अशगर अली, अब्दुल गफ्फार, गुलाम मुस्तफा, मास्टर गुलाम कदीर, मो कमरुद्दीन, मो शहंशाह ख़ान आदि शामिल हुए और मरहूमा की मगफिरत के लिए दुआ किया।

## आईलेक्स पब्लिक स्कूल में गांधी एवं शास्त्री के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन के अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल के विभिन्न ब्रांचों पंचमाधव, गोरियाकरमा, बड़कागांव, गाड़ीकला, बरकठा और पाण्डेयबारा में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी ब्रांचों में छात्रों ने पहले स्कूल परिसर और फिर अपनी कक्षाओं की साफ-सफाई की। इसके बाद, विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने गांधी और शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गांधी जी अमर रहें और शास्त्री जी अमर रहें के नारे लगाए। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के छात्रों ने महान विभूतियों के आदर्शों को पेश किया। कक्षा 1 से 10 के बच्चों ने गांधी और शास्त्री के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को साझा किया। साथ ही उनके आदर्श भारत और शास्त्री के सिद्धांतों पर आधारित एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। विशेष रूप से पंचमाधव ब्रांच में कल और आज का भारत विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें गांधी द्वारा चलाए गए आंदोलनों की सफलता और असफलता पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान दीपज्योति, प्रियंका, आरुषि, प्रिया चाहत, पायल, अनुष्का, आर्यन, मोहित, रोशन, परी, सृष्टि, वैष्णवी, अनुराग और अन्य बच्चों के प्रयास काफी सराहनीय रहे। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी के आदर्शों को विद्यार्थी जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उनका जीवन सादा जीवन और उच्च विचार का प्रत्यक्ष उदाहरण है। शास्त्री हमें सिखाते हैं कि सफलता के बाद भी हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इंसान अपने रूप से नहीं, बल्कि अपने कार्यों से पहचाना जाता है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियां को लेकर कृषि उत्पादन बाजार समिति का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने गोकुलपुर हटिया स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि बाजार समिति में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में डिस्पैच सेंटर, रिसीविंग एवं मतगणना केंद्र आदि का निर्माण किया जाएगा तथा वाहन कोषांग भी यहीं होगी। इसके अलावा उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को बाजार समिति की मरम्मती के साथ-साथ विधानसभावार बज्रगृह निर्माण एवं विधानसभावार मतगणना की व्यवस्था सुरक्षा के मद्देनजर सुनिश्चित करने की बात कही। कहा कि मतदान कर्मियों को ईवीएम जमा करते समय किसी भी परेशानी का सामना करना नहीं पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही डिस्पैच, रिसीविंग सेंटर, मतगणना केन्द्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**इसके अलावा उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण--**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश हैं। इसी क्रम में उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस पहुंचकर वहां निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आयोग के निर्देशों एवं मानकों का लगातार सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए।मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया,अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन,अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी,उप निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक सिंह,जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर,भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

## एस डी पब्लिक स्कूल गादी में बच्चों ने धुमधाम से मनाया गाँधी जयन्ती



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड गिरिडीह के अंतर्गत एस डी पब्लिक स्कूल गादी (लेदा) में बुधवार को बडे ही धूमधाम से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयन्ती मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के छात्र -छात्राओं एवं शिक्षकों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किये और इस समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विकास वर्मा ने सम्बोधित करते हुवे छात्रों को कहा की आज के ही दिन 2 अक्टूबर को पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर बापू जी के महान विचारों और आजादी में उनके योगदान को लेकर याद कर रहा है। गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। आजादी की लड़ाई में गांधी जी के नेतृत्व में ऐसे कई जन आंदोलन हुए जिसके नेतृत्व गांधी जी ने की और भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की कमर तोड़ कर रख दी। शिक्षक राजा कुमार पाण्डेय ने सम्बोधित करते बोला की गाँधी जी परम सत्यवादी एवं अहिंसा के पुजारी थे। गाँधी जी ने अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी सत्याग्रह, दलित आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन इत्यादि उनके कुछ प्रमुख आंदोलन में से मुख्य है जिसके वजह से ब्रिटिश साम्राज्य की नींव कमजोर करने में बड़ा रोल अदा किया। स्कूली शिक्षा के बाद गांधी जी वकालत की पढ़ाई करने के लिये लंदन चले गए। लंदन से बैरिस्टर की डिग्री हासिल कर उन्होंने बड़ा अफसर या वकील बनना उचित नहीं समझा, बल्कि अपना पूरा जीवन अपना देश भारत के नाम समर्पित कर दिया। इस कार्यक्रम में मौके पर शिक्षक हीरालाल वर्मा, नरेश चौधरी,अविनाश कुमार, नितेश कुमार वर्मा एवं 200 छात्राएं उपस्थित थे।

## सूर्या हाइलैंड सिटी में गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गांधी जयंती के मौके पर स्वच्छ भारत स्वच्छ सूर्या अभियान के तहत बुधवार को श्रमदान कर सूर्या हाइलैंड सिटी में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सोसायटी के सफाई कर्मियों के साथ प्रातः 6 बजे से सोसायटी की नवगठित कमिटी के पदाधिकारी, पुरानी कमिटी के पदाधिकारी तथा सोसायटी के जागरूक रेजिडेंट्स सभी ने मिलकर अपार्टमेंट से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पुरी सोसायटी में सफाई तथा निरीक्षण का अभियान चलाया। साथ ही स?वच?छ भारत के सपने के तहत अपनी सोसायटी को भी स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली तथा इस सपने को सफल बनाने के लिए सभी लोगों के सहयोग की अपील करते हुए कहा गया कि सभी लोग कचरे को डस?टबिन में ही रखने की आदत डालें, अपने घर के कूड़े को घर से बाहर न रखें तथा सफाईकर्मियों के आने के बाद उन्हें ही दें।

# कलश स्थापना के साथ आज से शुभारंभ होगा शारदीय नवरात्रि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिंदापाथर(जामताड़ा) :** शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की पूजा की तैयारी पूरी हो गई है। कलश स्थापना के साथ गुरुवार से शारदीय नवरात्र का अनुष्ठान प्रारंभ होगा। पूजा सामग्री की खरीदारी को ले दुकानों पर भीड़ लगने लगी है। नवरात्र को ले बाजारों में चहल पहल बढ़ गई है। नौ दिनों तक चलने वाले इस नवरात्र में कोई निराहार, तो कोई फलाहार रह दुर्गा की आराधना में लीन रहेंगे। व्रती मां के विभिन्न रूपों की पूजा कर मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना करेंगे। कहीं पर या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता तो कहीं पर सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके... का मंत्र व श्लोक गूंजेगा। पहले दिन नवरात्र व्रती मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना करेंगे। जिसे लेकर क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों में सभी प्रकार के



आवश्यक तैयारी पुरी कर ली गई है। इस बारे में क्षेत्र के विभिन्न आयोजक कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वार भी मां की असीम कृपा से शारदीय नवरात्र उत्सव भक्तिमय माहौल एवं धूमधाम मनाने के लिए तैयारी पूरी की गई है। कहा कि पूजा स्थलों की साफ सफाई व रंग-रोगन का कार्य पूर्ण कर लिया गया। इस वारें पंडित रविन्द्र नाथ झा ने बताया कि गुरुवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। जिसे लेकर क्षेत्र में भक्ति व उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं बुधवार को महालया के अवसर पर दुर्गा मंदिर में महालया गीत से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण गुंजायमान हो उठा। सुबह 5¬00 बजे से ही क्षेत्र में महालया के गीत गुंजना आरंभ हो गया था। जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। महालय के अवसर पर लोगों ने अपने घरों में एवं मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा कर मां दुर्गा के आगमन का आह्वान किया।

## गम्हरिया में आंदोलनकारियों में बांटे गए प्रमाण पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को समारोह आयोजित कर राज्य सरकार द्वारा चिन्हित गम्हरिया प्रखंड के 36 आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सीओ कमल किशोर सिंह ने सभी आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सरकार द्वारा प्रखंड के 37 आंदोलनकारियों को चिन्हित किया गया था। किन्तु एक आंदोलनकारी जामबहाल निवासी लाल बहादुर महतो का पिछले माह ही निधन हो गया था। इस मौके पर सीओ ने बताया कि उनके लिए यह गौरव का क्षण है कि जिनकी वजह से अलग झारखंड राज्य का सपना साकार हुआ, आज उन्हें अपने हाथों से सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## पतरातू में मनायी गयी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** आज पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पतरातू पीटीपीएस स्थित प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के आवासीय कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई । उपस्थित कांग्रेस जनों ने उनकी छवि पर पुष्प अर्पित कर दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया । वहीं प्रखंड अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि दोनो महापुरुष कांग्रेस पार्टी के संस्थापक सदस्य थे तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में ही अहिंसा के रास्ते इस भारत देश को आजादी मिली है । वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने आजादी के बाद इस देश को आर्थिक



रूप से सशक्त करते हुए देश को विकसित एवं विकासशील देश बनाया और देश को अपने पैरों पर खड़ा किया । आज भी शास्त्री जी को भारत के प्रथम यैसे प्रधानमंत्री के रूप में जाना जाता है जिन्होंने अपने कार्यकाल में प्रधानमंत्री का वेतन तक नहीं लिया था और बड़े ही सादगी से अपना जीवन व्यतीत करते थे तथा अपने निजी कार्यों के लिए भी स्वंय पत्नी वं परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी वाहन का इस्तेमाल नहीं करता था। जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता में डॉ. के के शर्मा उपेन्द्र यादव अशोक पांडे वीरू सिंह खरबार , मंडल अध्यक्ष संजय सिंह अनिल कुमार संजीव सिंह मो माहताब , निसार सुनील कुमार महतो धीरज पटेल सहित दर्जनों उपस्थित हुए।

## जिले भर जयंती पर गांधीजी व शास्त्री जी को दी गई श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले भर में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर विभिन्न राजनीतिक दल और सामाजिक संगठनों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। नव पदस्थापित डीसी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, नगर परिषद प्रशासक राजकमल मिश्रा, पाकुड़ एसडीपीओ डीएन आजाद एवं जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने गांधी चौक पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डीसी मनीष कुमार ने कहा कि हम सभी को स्वच्छता के प्रति दूसरों को जागरूक करते हुए साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। हमारे शहर व गांव को स्वच्छ बनाने में आप सभी का योगदान आपेक्षित है। उन्होंने कहा कि बापू के द्वारा दिखाए गए मार्ग पर हमें चलने की आवश्यकता है। उनके अहिंसा, सद्भावना एवं आपसी सहयोग के विचार हमेशा हमारे लिए प्रासंगिक रहेंगे। वे आजीवन सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलें। उनके इस सिद्धांत को पूरी दुनिया ने अपनाया है। यही वजह है कि उनके जन्म दिवस को पूरे विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय अंहिसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके विचारों का पालन करके ही हम एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। वे देश के लिए एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं और हमें उनके आदर्शों का अनुकरण करना चाहिए। उनका जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा सादा जीवन और उच्च विचार को जगह दी। भले हीं वे आज हमारे बीच न हों, लेकिन उनके विचारों और आदर्शों का अनुकरण हम सब आज भी करने का प्रयास कर रहे हैं।

## तीन दिवसीय फुटबॉल के फाइनल में चेंगाडंगा ने बीरभूम को हराकर ट्राफी पर जमाया कब्जा

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड अंतर्गत चेंगाडंगा गांव में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला गया। फाइनल में अटुल चेंगाडंगा की टीम ने एफसी वेस्ट बंगाल बीरभूम की टीम को 01 गोल से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी एवं आजसू नेता अजहर इस्लाम एवं मालपहाड़ी ओपी प्रभारी अंशु उपाध्याय ने विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। फाइनल विजेता टीम को अजहर इस्लाम ने 01 लाख रुपए तथा उप विजेता टीम को 80 हजार रुपए नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। वहीं सेमी फाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को 20-20 हजार रुपए सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिया गया। इससे पहले युवा समाजसेवी अजहर इस्लाम ने फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच को शुरू कराया। अजहर इस्लाम ने फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया। अजहर इस्लाम ने खिलाड़ियों को अनुशासन के साथ खेलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खेल आपस में मित्रता को बढ़ावा देता है। यह एकमात्र जरिया है, जिसमें आमने-सामने दोनों टीम या खिलाड़ी सारे भेदभाव को भूलकर सिर्फ बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं। परिणाम आने के बाद भी हारने या जीतने वाली टीम या खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिलाकर मुहब्बत का पैगाम देते हैं। एक दूसरे को बधाई और सांत्वना देते हैं। आगे चलकर मानसिक रूप से मजबूत होकर और भी बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लेते हैं। यही खेल का सबसे बड़ा गुण होता हैं। अजहर इस्लाम ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए राज्य सरकार पहल नहीं कर रही है। ग्रामीण इलाकों में ना ही बेहतर खेल मैदान है और ना ही खिलाड़ियों को सरकार की ओर से सुविधा दी जा रही है। अजहर इस्लाम ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बच्चों से लेकर युवाओं तक में प्रतिभाएं कूट-कूट भरी हुई है। लेकिन उन्हें अच्छा प्लेटफॉर्म नहीं मिल रहा है।

## डीडीसी, एसएसपी सहित अन्य पदाधिकारियों ने दी राष्ट्रपिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती के अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सिटी सेंटर पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी सेवा सदन से सभी पदाधिकारी खादी ग्रामोद्योग संघ पहुंचे। यहां भी राष्ट्रपिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि दी।इस मौके पर डीडीसी ने कहा कि पूज्य बापू का जीवन और उनके आदर्श देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उनकी अहिंसक नीतियों, नैतिक आधारों, अद्भुत नेतृत्व क्षमता ने और अधिक लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। उन्होंने सभी धर्मों को एक समान मानने, सभी भाषाओं का सम्मान करने, पुरुषों और महिलाओं को बराबर का दर्जा देने और दलितों-गैर दलितों के बीच की युगों से चली आ रही खाई को पाटने पर जोर दिया।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा का प्रसंग– WRD/WWDivisionBarhi /IFB- 01/2024-25 दिनांक 01–10–2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जलपथ प्रमण्डल, बरही अन्तर्गत पंचखेरो जलाषय योजना अन्तर्गत दॉयी मुख्य नहर से निःस्तृत मरकच्चो माईनर–1 एवं मरकच्चो माईनर–2 का निर्माण कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रूपये 1,22,15,827.40 (एक करोड बाईस लाख पन्द्रह हजार आठ सौ सताईस एवं पैसे चालीस) मात्र । |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु0 10,000.00 (रुपये दस हजार) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राषि ) । |
| 4 | अग्रधन की राशि | रु0 2,45,000.00 (दो लाख पैंतालीस हजार) मात्र। |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 365 (तीन सौ पैंसठ) दिन। |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 04–10–2024 को 11:00 बजे पूर्वाहन । |
| 7 | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राषि ऑनलाइन मोड में जमा करने की तिथि एवं समय। | 04–10–2024 को 11:00 बजे पूर्वाहन् से 11–10–2024 को 5:00 बजे अपराहन् तक। |
| 8 | बीड समर्पित करने का तिथि एवं समय । | 04–10–2024 को 11:00 बजे पूर्वाहन् से 11–10–2024 को 5:00 बजे अपराहन् तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | 14–10–2024 को 2:00 बजे अपराहन् में। |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही (हजारीबाग) पिनकोड 825402 |
| 11 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल संख्या | 6206975083 |
| 12 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–298149 / 9431108950 |

नोटः केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमण्डल, बरही।

PR 337903 (Water Resource)24-25*D



### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा (आपूर्ति शाखा)

**सूचना**

एतद द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों एवं सभी झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (JSFSS) से आच्छादित लाभूकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय पत्रांक 1250, दिनांक 13.05.2024 द्वारा निदेश प्राप्त है कि झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत पूर्व के माहों (Backlog) के खाद्यान्न के साथ–साथ वर्तमान माह (Current) के खाद्यान्न का वितरण किया जाना है। जिसका समय सारणी निम्नवत् है :–

| माह जिसमें वितरण कार्य किया जाना है। | माह के प्रथम पखवाड़ा में वितरण हेतु कार्य योजना | | माह के द्वितीय पखवाड़ा के वितरण हेतु कार्य योजना | |
|---|---|---|---|---|
| | माह | वितरण का समय | माह | वितरण का समय |
| अक्टूबर, 2024 | दिसम्बर, 2023 | 01.10.2024 से 15.10.2024 | अक्टूबर, 2024 | 16.10.2024 से 31.10.2024 |
| नवम्बर, 2024 | जनवरी, 2024 | 01.11.2024 से 15.11.2024 | नवम्बर, 2024 | 16.11.2024 से 30.11.2024 |
| दिसम्बर, 2024 | फरवरी, 2024 | 01.12.2024 से 15.12.2024 | दिसम्बर, 2024 | 16.12.2024 से 31.12.2024 |

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 337734 Simdega(24-25)#D



### e- Procurement Cell
### Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh.

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०–**BCD/EE/RAMGARH/ 22 /2024-25** दिनांकः–**30.09.2024**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Const. of Environment Awareness Centre, Ramgarh | 3,51,49,900/- | 11 (Eleven) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.10.2024 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 16-10-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17-10-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh. | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9110983022 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9340378587 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer
e- Procurement Cell Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Ramgarh.

PR.NO.337720 Building(24-25):D



### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 11/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 30.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/17/2024-25 | बरकट्ठा | आर0ई0ओ0 रोड केसो से डुमरडीहा भाया धोवारी तक पथ निर्माण कार्य (लं0–7.00 कि0मी0) | 7,25,71,400/- | सात करोड़ पच्चीस लाख एकहत्तर हजार चार सौ रुपये मात्र | 15 (पन्द्रह) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–08.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–18.10.2024 अपराहन 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–19.10.2024 अपराहन 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 337816 (Rural Work Department) 24-25 (D)



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/25/2024-25 E-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के चान्हों प्रखण्ड़ के बेयासी में बेयासी नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 362.831 | 7,25,700 | 10,000.00 | 18 Months |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.10.2024 से दिनांक 16.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7903003903
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

PR 337804 Rural Development (24-25)_D

## चलते चलते एक नजर

### पर्यावरण संरक्षण के लिए बीओआई ने आयोजित किया वृक्षारोपण कार्यक्रम




**रांची।** झारखंड के अग्रणी बैंक बीओआई रांची अंचल द्वारा बीओआई टांगर के सहयोग से महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु एक अहम पहल करते हुए चान्हों स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज परिसर में 100 से अधिक फल तथा फूलदार वृक्षों का रोपण किया गया।इस अवसर पर उपस्थित समस्त छात्राओं को संबोधित करते हुए आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा भावी पीढ़ियों के कल्याण हेतु यह कार्य किया जा रहा है।मौके पर उपस्थित प्राचार्य रि. कर्नल डा. आर के चौधरी ने बैंक ऑफ़ इंडिया के इस सराहनीय प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की और छात्राओं को सभी रोपित किए गए वृक्षों की एक बच्चे जैसी देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया।कार्यक्रम के उपरांत, बैंक ऑफ़ इंडिया की टीम ने टांगर स्थित माहेर अनाथ आश्रम पहुँच कर वहाँ उपस्थित अनाथ तथा बेसहारा बच्चों के बीच समय बिताया तथा उन सभी को विद्यार्जन हेतु स्टेशनरी तथा विभिन्न प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई।इस अवसर पर उप आंचलिक प्रबंधक बनिता महापात्र, अशीम कुमार, अजय कुमार पांडे, हिमांशु शेखर, मुख्य प्रबंधक अनुराग वर्मा, टांगर शाखा प्रबंधक रुपेश कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### जेसीआई इंडिया का गौरव बना रांची का एक्सपो उत्सव




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** जेसीआई द्वारा आयोजित 27वें एक्सपो उत्सव का शानदार समापन हुआ, जिसमें नए उत्साह और ऊर्जा के साथ अगले साल फिर से लौटने का संकल्प लिया गया। सात दिनों तक चले इस भव्य आयोजन के अंतिम दिन मोरहाबादी मैदान में भारी भीड़ उमड़ी, जहां लोग जमकर खरीदारी करते नजर आए। सभी स्टॉल धारक इस अद्भुत आयोजन से काफी संतुष्ट दिखे।समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीजीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएफसी एडवोकेट सी आर रेखेश शर्मा ने जेसीआई रांची की सराहना करते हुए कहा कि एक्सपो उत्सव सिर्फ रांची ही नहीं, बल्कि पूरे जेसीआई इंडिया का गौरव है। इस स्तर के आयोजन के लिए अनुभव और समर्पण की जरूरत होती है, जिसे जेसीआई रांची ने सफलतापूर्वक पिछले 27 सालों से निभाया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी जैन ने कहा कि उन्होंने एक्सपो उत्सव को वर्षों में बढ़ते और निखरते देखा है। यह आयोजन अब इतना भव्य हो चुका है कि हर साल रांचीवासी इसका इंतजार करते हैं। इसमें पुराने और नए सदस्यों की मेहनत साफ दिखाई देती है। समापन कार्यक्रम में एक्सपो उत्सव के सभी सदस्यों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिससे पूरे आयोजन का उत्साह और भी बढ़ गया।

# महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन को साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए: शाह

**एजेंसी**



**मुंबई :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने का सुझाव दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अमित शाह को आश्वस्त किया है कि महाराष्ट्र में आगामी सरकार एनडीए गठबंधन की ही बनेगी।

मुख्यमंत्री शिंदे ने बुधवार को अमित शाह से राज्य में जल्द से जल्द एनडीए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा किए जाने की भी मांग की है।अमित शाह मंगलवार से दो दिनों के लिए महाराष्ट्र दौरे पर हैं। बुधवार को अमित शाह से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मिले और राज्य की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अमित शाह को शिवसेना की ओर से संभावित सीटों की सूची पर कहा कि सीटों का बंटवारा जल्द किया जाना जरुरी है अन्यथा लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा में भी नुकसान हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे किसी भी कीमत पर राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार लेकर आएंगे। इसमें कोई शक नहीं है लेकिन सीटों के आवंटन का मामला जल्द निपटाया जाना चाहिए।इसी प्रकार अमित शाह ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी चर्चा की । इसके साथ ही राकांपा अजीत पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे भी अमित शाह से मिले और राकांपा को मिलने वाली सीटों का तत्काल निपटारा करने की भी मांग की। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने आज सुबह सह्याद्रि अतिथिगृह में जाकर अमित शाह से मुलाकात की थी।

## आर्टिस्ट दिलेश्वर लोहरा की बनाई गई सोहराय पेंटिंग प्रधानमंत्री को दिया गया उपहार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के मशहूर आर्टिस्ट दिलेश्वर लोहरा की सोहराय पेंटिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपहार स्वरुप दिया गया।

यह सोहराय पेंटिंग प्रधानमंत्री को स्वागत करने के दौरान उपहार में दिया गया। दिलेश्वर लोहरा ने बताया कि यह पेंटिंग उन्होंने बनाया था, जनजाति कार्य मंत्रालय की ओर से पेंटिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हजारीबाग के एक कार्यक्रम में उपहार स्वरूप दिया गया। दिलेश्वर लोहरा ने बताया कि यह मेरे लिए खुशी की बात है, कि मैने आदि महोत्सव पेंटिंग बनायें थे यह सोहराय पेंटिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया गया।

## एसपीडी कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) के द्वारा बुधवार को महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने सत्य, अहिंसा, आपसी सम्मान, सहयोग, और त्याग की शिक्षा दी। बापू ने स्वच्छता की केवल कोरी कल्पना नहीं की थी, बल्कि उन्होंने इसे अपने जीवन में भी उतारा था। इस अवसर पर एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। एनसीसी के एएनओ प्रो. धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि महात्मा गांधी गांधी के जयंती पर आज स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया।महात्मा गांधी स्वयं रोजाना सुबह 4 बजे उठकर अपने आश्रम की सफाई किया करते थे। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## गांधी जी के विचार अनंत काल के लिए मानवता की धरोहर है : निदेशक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**गढ़वा:** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में गांधी सह लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के छवि चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर निदेशक मदन केशरी ने कहा कि गांधी जी का का जन्मदिन सत्य दिवस के रूप में एवं अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।सबसे पहले स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए जूनियर क्लास के सभी बच्चों का हैंड वॉश कार्यक्रम किया गया जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके बीच पेंटिंग प्रतियोगिता,निबन्ध प्रतियोगिता और स्पीच प्रतियोगिता के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। पेंटिंग में प्रथम आराध्या सोनी, द्वितीय नीरव केसरी तथा तृतीय आर्या चौबे रही वहीं निबंध लेखन में प्रथम संध्या केसरी, द्वितीय रीति शर्मा तथा तृतीय माही प्रताप शाही ने स्थान प्राप्त किया तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रीति शर्मा, द्वितीय माही प्रताप शाही एवं तृतीय शिवांगी पाल ने स्थान प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संतोष प्रसाद,कृष्ण कुमार, मुकेश भारती, वीरेंद्र शाह, सरिता दुबे, शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी, रिजवाना शाहीन आदि समस्त शिक्षक वृन्दो ने अपनी अहम भूमिका निभाई। मंच का संचालन नीरा शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन संतोष प्रसाद के द्वारा किया गया।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने फुका चुनावी विगुल

**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि छतरपुर विधानसभा की जनता राजनीतिक गुलामी से जकड़ा हुआ है और बाहरी के लोगों ने छतरपुर को सिर्फ लूटने का काम किया है।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा छतरपुर इकाई ने अन्नपूर्णा रेजीडेंसी मे प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र राम के अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मोत्सव सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी जयंती मनाते हुए चुनावी बिगुल फुका। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रखंड के सचिव सन्नी कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि छतरपुर विधानसभा की जनता राजनीतिक गुलामी से जकड़ा हुआ है और बाहरी के लोगों ने छतरपुर को सिर्फ लूटने का काम किया है। जिस प्रकार महात्मा गांधी ने अंग्रेजों को भगाने के लिए आंदोलन किया था उसी प्रकार हम लोगों को भी ऐसे लुटेरे प्रतिनिधियों को छतरपुर से भगाने के लिए प्रण लेना हो होगा। भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए राधाकृष्ण किशोर, मनोज कुमार, पुष्पा देवी जैसे बाहरी नेताओं को भगाना होगा और छतरपुर का प्रतिनिधित्व स्थानीय नेता के हाथों में देना होगा जिला सचिव सन्नू सिद्दकी ने कहा कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन लगातार जनहित का कार्य कर रहे हैं। अध्यक्ष रविंद्र राम ने कहा कि माननीय हेमंत सोरेन के द्वारा जो भी योजना दी जा रही है बहुत ही जनोपयोगी है। लोग अपने घरों में ही बकरी पालन मुर्गी पालन जैसे रोजगार कर स्वावलंबन की ओर बढ़ रहे हैं। नहीं कार्यकर्ताओं ने छतरपुर विधानसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थानीय उम्मीदवार के रूप में रविंद्र राम को उम्मीदवार बनाने की मांग की। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, उषा कुमारी, सहाबुद्दीन अंसारी, मुन्नी उरांव, शिवनाथ सुरीला,मदन यादव,उदय पासवान, रंजीत कुमार, संजीत उरांव,बिनय राम, जगनारायण सिंह, उदय शंकर प्रसाद, नागेश राम, प्रमोद भुइंया, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वच्छता को अपने जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाए : रविंद्र

**रांची :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन बुधवार को गांधी जयंती पर स्वच्छता दिवस के रूप में मनाते हुए किया गया। इस पूरे स्वच्छता पखवाड़े के आयोजन के दौरान निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, जलाशयों, सड़को, नालियों एवं अन्य स्थलों की साफ-सफाई, जन भागीदारी, सिविल सोसाइटीज एवं रांची नगर निगम के संयुक्त प्रयास से की गई, जिसमे कुल 26 कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कड़ी में सफ़ाई मित्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के शुभ अवसर पर सफ़ाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन रांची नगर निगम सभागार में किया गया। इस दौरान रांची नगर निगम क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सफाई मित्रों, सुपरवाइजर और जोनल सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र तथा शॉल देकर सम्मानित किया गया।

# केंद्रीय मंत्री ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास करने वाली और कार्यकर्ताओं की पार्टी है, कोई परिवार की पार्टी नहीं है। जम्मू कश्मीर और हरियाणा चुनाव हम जीतेंगे।**



**एजेंसी**

**अजमेर :** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बुधवार को अजमेर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए की मोदी सरकार देश को विकास के मार्ग पर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर और हरियाणा का चुनाव जीतने जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास करने वाली और कार्यकर्ताओं की पार्टी है, कोई परिवार की पार्टी नहीं है। जम्मू कश्मीर और हरियाणा चुनाव हम जीतेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश चहुमुँखी विकास कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। मोदी सरकार ने युवाओं को सरकारी नौकरी देने सहित रोजगार के अहम कदम उठाए हैं। किसानों के हित व कल्याण के लिए कई फैसले लिए है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने 10 महीने के कार्यकाल में विकास की गंगा बहाई है। प्रेस वार्ता में भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश चंद सोनी, विधायक अनिता भदेल, रचित कछावा, अनीश मोयल आदि मौजूद थे।

# जन चेतना मंच द्वारा सेमिनार आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा:** जन चेतना मंच द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के पूर्व संध्या पर नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में मेराल एवं गढ़वा प्रखंड के लोगों के साथ एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, विनोद पाठक, डॉ उमेश सहाय एवं भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने गांधी जी के तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर तथा दीप जलाकर संयुक्त रूप से किया। सेमिनार में ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत पर कब्जा और गांधी जी के आंदोलन तथा गढ़वा की राजनीति में पिछड़ा, दलित एवं आदिवासी वर्ग का दशा एवं दिशा विषय पर चर्चा हुआ। पूर्व मंत्री रामचन्द्र केशरी ने कहा कि राजनीति में दौलतमंद नहीं आंदोलन से जुड़े हुए लोग को विधानसभा जाना चाहिए। मुख्य वक्ता पत्रकार विनोद पाठक ने गांधी जी के विचारों की चर्चा करते हुए कहा कि गांधी जी आज हम लोग के बीच नहीं है लेकिन उनके आंदोलन की बदौलत आजाद भारत में हम सभी लोग रहे हैं। प्रोफेसर उमेश सहाय ने कहा कि गांधी जी बंदूक नहीं विचारों के माध्यम से इस देश को अंग्रेजों से मुक्त कराया।मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह जन चेतना मंच के मुख्य संरक्षक सूरज गुप्ता ने कहा कि गढ़वा विधानसभा की राजनीति में पिछड़े, दलित एवं गरीब तबके के लोग आज शोषित हो रहें हैं। इसका मुख्य कारण जागरूकता एवं एकजुटता का अभाव है।कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष पवन केसरी एवं संचालन मो0 नेसार और सुमेर चौधरी ने किया।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, आजसू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

**आखिर क्यो रास्ता काट रहें है गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे?**

# रघुवर का झारखंड में वापसी की राह देख रही है जनता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा एक बार फिर झारखंड में सत्ता वापसी के लिए संघर्ष करती नजर आ रही हैं.वर्ष 2019 के चुनाव में सत्ता से बेदखल भाजपा ने कारणों की पड़ताल की.प्रारंभिक दृष्टिकोण में लोगो को यही नजर आया कि रघुवर शासन की विफलता की वजह से भाजपा के हाथ से सत्ता फिसल गयी.लेकिन सही मायने में ऐसा नहीं था.





रघुवर सरकार की खामिंया रही होगी,पर खूबिंया भी थी.आज की तिथि में विरोधी भी इस बात को मानते थे कि रघुवर राज में शासन का इंकबाल दिखाता था.पर चुनाव के लगभग पांच साल के बाद फिर से रघुवर राज की चर्चा क्यो? यह सवाल भी सियासी तौर पर उठना लाजिमी हैं.यह चर्चा इसलिए यहां जरूरी है कि हाल के दिनों में ओडीशा के राज्यपाल रघुवर दास की फिर से सक्रिय राजनीति में आने के कयास लगाये जा रहें हैं.एक न्यूज चैनल में जिस तरह गोड्डा के सांसद निशिकांत दूबे ने अपनी प्रतिक्रिया दी, उससे यह चर्चा तेज हो गयी कि डा. निशिकांत दूबे के इन हरकतों पर पार्टी गौर क्यो नही करती? बात 2019 की चुनाव की करें तो उस दौरान यह बात पूरी तरह से उभर कर सामने आया कि रघुवर सरकार की सत्ता में वापसी को रोकने के लिए निशिकांत दूबे ने अपने संसदीय क्षेत्र की परिधि में आने वाले विधानसभा में पार्टी के घोषित प्रत्याशी को चुनाव हराने की मुहिम में जुटे.यहां तक की पार्टी से बगावत कर तत्कालीन सीएम रघुवर दास के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले सरयू राय की मदद की.इतना होने के बाद भी निशिकात आज भी पार्टी के नजरों में पाक साफ हैं। हलांकि राज्य में रघुवर दास की वापसी की मांग मुखर होने लगी हैं. पिछडे समाज के बडे नेता रघुवर दास हैं. ऐसे में उनके साथ की गयी राजनीतिक साजिश से झारखंड का एक बडा तबका नाराज भी हैं. लोगो को लगता है कि रघुवर दास को असमय बुर्जगीयत की ओर धकलने की कोशिश की गयी हैं.इस बीच उनकी वापसी की चर्चा मात्र से जिस तरह सांसद निशिकांत दूबे ने हालिया प्रतिक्रिया दी हैं,वह यह बताने के लिए पर्याप्त है कि रघुवर दास को राजनीतिक साजिश कर उनके पोलीटिकल कैरियर को खत्म करने के लिए पटकथा लिखी गयी है. नही तो क्या कारण निशिकांत सरीखे नेता उनके वापसी के संकेत मात्र से स्वयंभू बडे नेता के रूप में कहते है कि भाजपा में कोई कन्फ्यूजन नहीं है,केन्द्रीय नेतृत्व ने रघुवर दास को उड़ीसा का राज्यपाल बनाया है. पहली बार उड़ीसा में अपने दम पर हमारी सरकार है. रघुवर दास को झारखंड सरकार के मंत्री ,मुख्यमंत्री,प्रदेश अध्यक्ष रहने के कारण बहुत अनुभव है. इसलिए नई सरकार को उड़ीसा में वे मार्गदर्शन देते रहेंगे. जहां तक सरयू राय का सवाल है, अब वो जदयू एलांयस

में हैं. दोनों पार्टी का नेतृत्व गठबंधन के तहत जो भी निर्णय लेगा वही अंतिम होगा. इस तरह का कयास हेमंत सोरेन की सरकार के भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने की कोशिश है। मतलब साफ है अभी एक ताकत लगी है रघुवर की झारखंड में इंट्री को रोकने के लिए तो दूसरी तरफ झारखंड की जनता अपने नेता रघुवर दास की झारखंड में वापसी की राह देख रही हैं.आगे क्या होगा यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा.

# करकट्टा में 1964 से बंगाली परंपरा से हो रही है दुर्गा पूजा, मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण हो जाता है ऊर्जावान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के करकट्टा 6 नंबर दुर्गा मंडप में दशहरे का पावन त्यौहार पर वर्ष 1964 से शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा बंगाली विधी एवं वैदिक विधी से हो रही है। जो कि गत 60 वर्षों से दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ हीं दुर्गोत्सव में शंखनाद और मंत्र ÷या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ की गूंज सुनाई देती रहती है। संस्कृत पाठ और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण ऊर्जावान हो जाता है। पूरे नवरात्र भक्तिभाव के साथ चित्त शुद्ध व मन पवित्रता से भक्तों को शांति की अनुभूति होती रहती है। ऐसे में बंगाली विधान दुर्गा पूजा महोत्सव देखने के लिए खलारी-पिपरवार सहित आसपास के लोग आते हैं। बहुत ही अलग अंदाज और परंपरा के साथ दुर्गा पूजा मनाई जाती है।

**बंगाली और कायस्थ परिवारों ने की थी पूजा की शुरुआत :** करकट्टा में पूजा की शुरुआत बंगाली और कायस्थ परिवार द्वारा की गई थी। पंडित अनादि गोस्वामी, सुनील दत्ता, अनिल दत्ता, निवारण प्रसाद, सुनील चंद्र कर, रामगोपाल बनर्जी एवं कायस्थ फैमिली में नर्मदा प्रसाद, तपेश्वरी प्रसाद, डीएन राय, बैजनाथ प्रसाद, सतीश प्रसाद की मुख्य भागीदारी रही थी।

**वर्ष 1978 में मंडप का द्वार दक्षिण की ओर किया गया :** शुरुआत में करकट्टा दुर्गा मंडप का द्वार पश्चिम की ओर हुआ करता था। वर्ष 1978 में मंडप का द्वार दक्षिण की ओर किया गया। उसके बाद गजेंद्र नारायण सिंह, बालकिशोर शर्मा, गजेंद्र प्रसाद, धीरेंद्र प्रसाद, एस के कर, इंद्रजीत प्रसाद, फुलेश्वर यादव, बबन सिंह आदि के योगदान से दुर्गा पूजा पर विशेष आयोजन होने लगा।

**मूर्ति पूजन के लिए पुरुलिया से आते हैं बंगाली ब्राह्मण :** मूर्ति पूजन के लिए बंगाली ब्राह्मण पुरुलिया से आते हैं। बंगला डाक के अनुसार विशेषरूप से आरती होती है। सप्तमी, अष्टमी और नवमी को सैकड़ों की संख्या में आसपास क्षेत्र से श्रद्धालूगण आरती में शामिल होते हैं। तीनों दिन मां दुर्गा की अलग-अलग स्वरूप को महाभोग का प्रसाद चढ़ाया जाता है।

**वर्ष 2022 से कन्या पूजन की हुई शुरुआत :** वर्ष 2022 से कन्या पूजन की शुरुआत हुई है।

दसवीं को महिलाओं द्वारा मां की विदाई सिंदूर खेला का एक आयोजन कर किया जाता है, जो आर्कषक का केंद्र होता है। मूर्ति विसर्जन के उपरांत रावण दहन का भी आयोजन किया जाता है। करकट्टा दुर्गा मंडप पूजा कमेटी के द्वारा पूजा का पंडाल का पारूप बनवाया जा रहा है।



## गांधी जयंती धूमधाम से मनाया गया



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड अंतर्गत रामपुर चौक के पास जाना पहचना होटल में आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के द्वारा गांधी जयंती मनाई गयी और संकल्प लिया गया की गांधी जी के बताए गए रास्ते पर चलना है और उनके विचारों को आपना है ।मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप तिकी , सचिव नन्हे कच्छप, आंदोलन कारी अमर महतो,वालटर जी, ग्राम प्रधान सुनील लकड़ा,सूरज लकड़ा, शंकर तांती,चामू बेग,उतम गोप, प्रकाश लकड़ा उपस्थित थे।

## विधायक ने मृतक परिवार को किया सहयोग



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को ओरमांझी प्रखंड के बरवे में साजिद अंसारी की बीते दिनों आक्समिक निधन हो गया था। इसके अलावा बारीडीह में बीते दिनों दुती महतो का निधन हो गया था। इसकी खबर जैसे ही खिजरी के विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी व प्रखंड के उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने दोनो मृतक परिवार को सूखा राशन नगद राशि देकर सहयोग किया। साथ ही प्रखंड के उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने कहा कि गठबंधन की सरकार में सभी वर्गों पर विशेष रुप से ध्यान दिया जा रहा है। सभी लोगों के लिए सरकार बेहतर कार्य कर रही है। मृतक परिवार को किसी भी तरह से कोई दिक्कत नही होना चाहिए। इस दुख की घड़ी में हम सब साथ है।

## जेसीए अकादमी मुरी ने 164 रन बनाकर मैच जीता



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी के बांसारुली में मैदान जे.सी.ए. क्रिकेट अकादमी मुरी एवं दांगी क्रिकेट अकादमी नामकोम के बीच बुधवार को पांच मैच का क्रिकेट सीरीज खेला गया, जिसमें आज सीरीज का पहला मैच खेला गया। खेल के पहले टॉस जीतकर दांगी क्रिकेट अकादमी नामकोम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 28.4 ओवर में दस विकेट खोकर 163 रन बनाए वहीं दुसरी पारी में जे.सी.ऐ. क्रिकेट अकादमी मुरी ने दो विकेट खोकर 164 रन से मैच जीत लिया। पुरी मैच 35/35 ओवर का था। जिसमें प्लेयर ऑफ द मैच शिवम कुमार को दिया गया। शिवम ने 7 ओवर में 24 रन देकर 5 विकेट लिए और 31 बोल पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं तुषार मांझी ने 52 बोल पर 62 रन बनाकर नाबाद रहा, रूद्र कुमार तांती ने 55 बोल पर 24 रन बनाए।

## भारत के त्यौहारी सीजन की शुरुआत

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने 27 सितंबर को अपने बहुप्रतीक्षित द बिग बिलियन डेज़ 2024 के 11वें संस्करण को लॉन्च किया है, जिसमें फ्लिपकार्ट VIP और प्लस ग्राहकों के लिए 26 सितंबर से शुरुआती एक्सेस की शुरुआत होगी। शुरुआती एक्सेस और डे 1 के दौरान फ्लिपकार्ट पर 33 करोड़ से ज़्यादा यूज़र विज़िट दर्ज की गई, जो पूरे भारत के खरीदारों के त्यौहारी उत्साह को दर्शाता है। शुरुआती रुझान बताते हैं कि आने वाला त्यौहारी सीज़न शानदार रहने वाला है, जिसमें मोबाइल, खाद्य और पोषण तथा ग्रूमिंग श्रेणियों में मांग बढ़ रही है। मोबाइल, उपकरण, फ़ैशन, BGM (ब्यूटी और जनरल मर्चेंडाइज़), इलेक्ट्रॉनिक्स और होम पूरे भारत में ग्राहकों की पहली पसंद बने हुए हैं।

## ठाकुर गांव शिव मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया कलश यात्रा



**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को बाजारटांड़ शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राम चरित मानस नवाह्न परायण यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में 751 कुंवारी कन्याओं व महिलाओ ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि समाजसेवी सह प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश के द्वारा यजमान को मुख्य कलश देकर किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेश कुमार बैठा चितरंजन कुमार दुर्गा उरांव सीमा राय कांग्रेस नेत्री इंदिरा तूरी सुमन देवी समाजसेवी पुलकित नाथ शहादेव ने भी कुंवारी कन्याओं के बीच कलश वितरित किया। मुख्य अतिथि स्वामी ने कहा की इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान क्षेत्र में होते रहने से सभी लोगों को सद्भावना व सफल संस्कार मिलता है। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण कर वापस मंदिर परिसर में पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारों से भक्तिमय हो गया। गांव में जगह जगह पर श्रद्धालुओ द्वारा शरबत व पेयजल की व्यवस्था की गई थी। गुरुवार को कलश यात्रा के साथ नवमी तक लगातार पूजा पाठ व संध्या में वृंदावन से आई कथावाचक राधा कुशुम लता के टीम द्वारा प्रवचन दिया जाएगा। 11 अक्टूबर को यज्ञ की पूर्णाहुति भंडारे के साथ की जाएगी साथ ही 12 अक्टूबर को रावण दहन किया जाएगा। सभी धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पंडित पद्मेश नाथ वैद्य के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है जबकि यजमान के रूप में सुमित गोप सपत्नीक शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मुकेश जयसवाल (बुलू जी), प्रशांत कुमार, अनुज कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, जयकुमार पांडेय, गोपाल तिवारी, सुरेश ठाकुर, वैद्यनाथ ठाकुर, सिद्धांत जयसवाल, शशिकांत मौर्या, ऋतिक जयसवाल, अनुराग साहू समेत समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## गांधी जयंती पर तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गांधी जयंती तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर पर सीठियो फुटबॉल मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फुटबॉल मैच किया गया। जिसमें एफसी सेम्बो एवं एफसी डहुटोला खरसीदाग के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें एफसी सेंबो एक गोल से जीता। एफसी डहुटोली की टीम हार के अंतर को कम करने के लिए संघर्ष करती रही।लेकिन सफलता नहीं मिली। एफसी सेम्बो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल के अंतिम समय के 79 वें मिनट में दर्शनीय गोल कर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पूरे खेल के दौरान युवा खिलाड़ी मैदान में छाए रहे और अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया।मैच देखने काफी



संख्या में दर्शक मैदान पहुंचे थे।इस दौरान दर्शक दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे थे।शानदार प्रदर्शन के लिए एफसी सेम्बो के खिलाड़ी को मैच के मुख्य अतिथि कांग्रेस के रांची जिला ग्रामीण महासचिव अशफाक आलम व विशिष्ट अतिथि सीठियों पंचायत के मुखिया विनीता कच्छप ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच व प्रथम पुरस्कार 15 हजार नगद और ट्रॉफी एवं द्वितीय पुरस्कार दस हजार नगद एवं ट्रॉफी का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इससे पूर्व मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशफाक आलम ने कहा कि फुटबाल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है।यह बहुत ही रोमांचकारी और चुनौतीपूर्ण खेल है।इस तरह के आयोजन से युवाओं को अपनी अंदर की प्रतिभा को प्रदर्शित करने,निखारने और प्रतियोगिता की तैयारी का अवसर मिलता है। वहीं विशिष्ट अतिथि विनीता कच्छप ने कहा कि कल यही युवा आने वाले दिनों में अपने राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे। अतिथ ग्राम प्रधान शंकर कच्छप ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है।आवश्यकता है युवाओं को उचित मंच प्रदान कर खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने की।मंच में अतिथि के रूप में अशफाक आलम रांची जिला ग्रामीण महा सचिव,सीठियो पंचायत मुखिया बिनीता कच्छप, संजय सरैया,ग्राम प्रधान शंकर कच्छप, इश्तियाक आलम,अमानुल्ला अंसारी, इरफान अंसारी,विजय कच्छप,खुर्शीद आलम,संजय कच्छप इत्यादि उपस्थित थे।

## बापू एवम शास्त्री हमारे आदर्श है : राजेश कच्छप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** इलेक्ट्रिक इक्विपमेंट वर्कर्स यूनियन एवम एकुप्रेसर सेंटर में राष्ट्र के निर्माता महात्मा गांधी एवम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने दोनो देस के महान सपूत के चित्र पर माला पहनाकर एवम श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई साथ में मुख्य अतिथि राजेश कच्छप के द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा फहराया गया।इस अवसर पर विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा की बापू एवम शास्त्री जी दोनो देश के महान सपूत थे। बापू द्वारा बताए गए सत्य,अहिंसा,ईमानदारी एवम



शास्त्री जी ने जय जवान जवान का नारा दिया। जो हम सबों के लिए आदर्श है इन्हे अपनाकर ही हमसब आगे बढ़ सकते है।इस कार्यक्रम में विधायक राजेश कच्छप,उप प्रमुख जयपाल हजाम,कांग्रेस नेता अशोक मिश्र,अर्चना मिश्रा,पंकज मिश्रा,डॉक्टर मधुसूदन पांडे,सुभाष शर्मा, बलराम महतो,महेश प्रजापति,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा,प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव,मुखिया कृष्णा पाहन,अजय करमाली, जान तिग्गा,सचिन नायक, छोटे लाल महतो,अशोक उरांव,फूलो देवी,संजय प्रसाद,अनिता देवी,कालीचरण मुंडा,रॉबर्ट मिंज,उमा देवी,कुलेश्वर मुंडा,रीना सांगा इत्यादि के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।उसके बाद विधायक ने टाटी मिश्रा टोली शिवालय में नव निर्मित कुंआ का भी विधिवत उद्घाटन किया।

## सामू टोंगरी मंदिर निर्माण समिति का हुआ गठन



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के सामू टोंगरी मंदिर निर्माण को लेकर सोनू यादव के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के दौरान मंदिर निर्माण को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष भीम यादव, उपाध्यक्ष देवलाल यादव, सचिव टुकना मुंडा, उपसचिव कारू यादव, सह सचिव सुरेश महतो, कोषाध्यक्ष कामेशवर महतो, उप कोषाध्यक्ष सूरज यादव, सह कोषाध्यक्ष मिथुन नायक, मुख्य संरक्षक सोनू यादव, अजय यादव, युगेश यादव, विजय यादव, उमेश यादव, मोहन यादव, संरक्षक कुलदीप महतो, राजेश महतो, प्रदीप नायक, संजय नायक, सह संरक्षक पवन यादव, दीपक महतो, बॉबी यादव, महेंद्र यादव को बनाया गया। इसके अलावे कार्यकारणी सदस्य में कृष्णा यादव, अरविंद मुंडा, बिनोद यादव, सोनू महतो, राजू महतो, भोला यादव, जागेश्वर मुंडा, दामोदर मुंडा, राजेंद्र यादव, अजय मुंडा, उदय यादव, छोटू नायक, पवन नायक सहित सभी ग्रामीण का नाम शामिल है।

## कांग्रेस कमिटी ने बापू व शास्त्री जी का प्रतिमा में माल्यार्पण कर मनाई जयंती



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। तथा प्रखंड मुख्यालय परिसर एवं शास्त्री चौक पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार,मण्डल अध्यक्ष रशीद अंसारी, प्रखण्ड महासचिव मुबारक अंसारी, वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद साहू, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उराव, बाबूलाल महली,युवा नेता हरिमोहन महतो, सुरेंद्र उराव,तौहीद आलम, सत्यनारायण साह, फिरोज अंसारी, सोहराई बेदिया, कासीनाथ पाहन, संजीत बेदिया, सूजन कुमारी, बेलाल अंसारी, सजाद अंसारी, किरण देवी,सुनील सिंह, रवि पाहन, रंजीत पाहन समेत सैकड़ो कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

## आजसू के प्रखंड अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष ने पुनदाग में पेयजल की समस्या पर ग्रामीणों से ली जानकारी



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के लुपुंग पंचायत के पुनदाग बस्ती में पेयजल की समस्या को लेकर बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली एवं नगर अध्यक्ष भरत देव साय ने बस्ती लोगों से मुलाकात किया एवं जानकारी ली। इस दौरान बस्ती के महीलाओं ने पेयजल की समस्या की जानकारी देते हुए विधायक के नाम एक आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि पीएचईडी द्वारा बस्ती में दी गई पाइप लाइन में मुश्किल से आधी बाल्टी पानी उपलब्ध होता है। बस्ती में लगा एक मात्र चापानल भी महिनो से खराब है। विभाग को इसको लेकर शिकायत के बावजूद अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष ने समस्या को गंभीर बताया तथा इसको लेकर विभाग के अधिकारियों से बात करते आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने समस्या से विधायक को अवगत कराने की बात कही।इस मौके पर पुर्व पंसस मोती मुंडा ग्राम प्रभारी सुनीता देवी, रीना देव, बेबी देवी समेत कई महिला उपस्थित थे।

## हलदर ग्रुप ने शताब्दी वर्षगांठ मनाई

**रांची :** चावल और खाद्य तेल बनाने वाली अग्रणी कंपनी हलदर ग्रुप ने शहर में एक भव्य समारोह के साथ अपनी शताब्दी वर्षगांठ मनाई। इस कार्यक्रम में हलदर ग्रुप की विरासत का सम्मान करने, इसकी उपलब्धियों का जश्न मनाने और एक अभिनव भविष्य की कल्पना करने के लिए कर्मचारियों, उद्योग जगत के नेताओं, व्यापार सहयोगियों, भागीदारों और समुदाय के सदस्यों सहित 500 से अधिक उपस्थित लोग एकत्रित हुए। बंगाल की जीवंत कला, संस्कृति, पारंपरिक संगीत और भोजन का जश्न मनाने वाली शाम के बीच, एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा ने मुख्य मंच हासिल किया। उद्योग जगत के नेता कृषि के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए, 2047 तक इसके आर्थिक और सामाजिक योगदान की कल्पना की।

# बचरा मे स्व. भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 17 से होगा प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवाह क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में मंगलवार को ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता संतोष राम और संचालन सुनील प्रसाद ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा में स्वर्गीय भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट कराने का निर्णय लिया गया।सर्वसम्मति से आगामी 17 अक्टुबर से 21 अक्टुबर तक बचरा चार नंबर खेल मैदान में पांच दिवसीय स्वर्गीय भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराने पर सहमति बनी।टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग लेगी, जिसमें एंट्री फीस छः हजार रूपये रखी गई।टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 50 हजार 100 रूपये,द्वितीय पुरस्कार 30 हजार 100 रुपए,तृतीय और चर्तुथ पुरस्कार सात हजार रूपये रखी गई है।टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष दीपक कुमार महतो, उपाध्यक्ष विकास मिंज, सचिव लखनलाल महतो,उप सचिव विकास महतो, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार महतो,उप कोषाध्यक्ष नरेश रावत,संरक्षक सुनील प्रसाद, ब्रह्मदेव उरांव,संतोष राम, अगनू देशवाली,रामा भुईयां, अमजद अली,मनोज महतो, नवरत्न गिरी,दीनदयाल नोनिया,सुरेश महतो,संतोष महतो,संदीप गुप्ता,पप्पू सोनी,राजेश कुमार,सेवा उरांव,जयपाल महंत को बनाया गया।इस बैठक में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से खिलाड़ियों को मिला खेल सामग्री

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा 122 कालोनी मे समारोह आयोजित कर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से स्थानीय खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री एवं जर्सी का वितरण किया गया।सभी खिलाड़ियों को विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने खेल सामग्री एवं जर्सी प्रदान किया।इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि गांधी जयंती के शुभ अवसर पर 122 कॉलोनी बचरा मे जेएमएस क्लब के खिलाड़ियों के बीच जर्सी और फुटबॉल का वितरण किया गया।यह खेल सामग्री और जर्सी बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के



मनोबल बढ़ाने के लिए प्रदान किया गया।उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा।इस मौके पर क्लब के कोच सोनू उरांव,प्रमोद कुमार, नागेश्वर महतो,दीपक कुमार, सोनू राम,विशाल कुमार, आकाश कुमार,विक्रम कुमार,शंकर गंझु,संदीप गंझु,विशाल कुमार,जितेंद्र कुमार सहित मई खिलाड़ी मौजूद थे।